# पहले भी लम्बे समय खाली रह चुका है आयोग अध्यक्ष का पद

## आरपीएससी के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति का इंतजार



**कासं/अजमेर।** राजस्थान लोक सेवा आयोग अध्यक्ष का पद रिक्त रहने का यह पहला मामला नहीं है। पिछली भाजपा सरकार में आयोग अध्यक्ष का पद दो बार 80-80 दिन से अधिक समय के लिए खाली रह चुका है। आरपीएससी के तत्कालीन अध्यक्ष श्याम सुन्दर शर्मा 28 सितम्बर 2017 को सेवानिवृत्त हुए थे। इसके 80 दिन बाद 18 दिसम्बर 2017 को तत्कालीन अध्यक्ष डॉ. राधेश्याम गर्ग ने आयोग अध्यक्ष के पद पर कार्यभार ग्रहण किया था। डॉ. गर्ग 1 मई 2018 को सेवानिवृत्त हो गए थे। राज्य सरकार ने डॉ. गर्ग की सेवानिवृत्ति के 82 दिन बाद 23 जुलाई 2018 को दीपक उप्रेती को अध्यक्ष नियुक्त किया था। अब इस बार भाजपा सरकार में पुनः आयोग अध्यक्ष का पद रिक्त है। आयोग अध्यक्ष पद पर संजय श्रोत्रिय का कार्यकाल गुरुवार को समाप्त हो गया। वहीं सदस्य का एक पद पहले से ही रिक्त है। उम्मीद जताई जा रही थी कि गुरुवार को ही राजभवन से आयोग अध्यक्ष और एक सदस्य के नाम की घोषणा हो जाएगी। लेकिन ऐसा नहीं है।

### कार्यवाहक की भी नहीं हुई घोषणा

आयोग अध्यक्ष पद से संजय श्रोत्रिय की विदाई के बाद किसी सदस्य को कार्यवाहक अध्यक्ष का भी अतिरिक्त प्रभार नहीं दिया गया है। जब डॉ. भूपेन्द्र यादव 1 दिसम्बर 2021 को सेवानिवृत्त हुए। इसके बाद आयोग सदस्य डॉ. शिव सिंह राठौड़ 2 दिसम्बर 2021 से 29 जनवरी 2022 तक और डॉ. जसवंत सिंह राठी 1 फरवरी 2022 से 16 फरवरी 2022 तक कार्यवाहक अध्यक्ष रहे थे।

# राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय, किशनगढ़

**नैक द्वारा ग्रेड A++ मान्यता प्राप्त**

**यूजीसी द्वारा श्रेणी-I विश्वविद्यालय का दर्जा**

विज्ञापन सीयूराज/आर/एफ.159/भर्ती/2024/1384 दिनांक: 18.07.2024

## अशैक्षणिक भर्ती विज्ञापन (संविदात्मक)

योग्य भारतीय नागरिको से निर्धारित प्रारूप में नीचे दिये गये अशैक्षणिक पदों हेतु संविदात्मक आधार पर ऑफलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते है।

- **परियोजना प्रबंधक/अधीक्षण अभियंता (सिविल) - 01**
- **सहायक अभियंता (सिविल) - 01**
- **कनिष्ठ अभियंता (स्थापत्य) - 01**

अधिक जानकारी हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.curaj.ac.in देखे।

**आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि- 16.08.2024**

कुलसचिव (प्रभारी)

पदोन्नति व तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण की मांग

# पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ करेगा राज्यव्यापी आंदोलन

## 21 अगस्त को उपखंड व 30 को जिला मुख्यालयों पर करेंगे प्रदर्शन

**ब्यूरो/नवज्योति, उदयपुर।** पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ की ओर से शिक्षक संवर्ग की पदोन्नति व तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानान्तरण की मांग को लेकर राज्यव्यापी आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत 21 अगस्त को सभी उपखंड और 30 को जिला मुख्यालयों पर प्रदर्शन होगा। तृतीय श्रेणी शिक्षकों के स्थानांतरण पॉलिसी को लेकर कमेटी बनी, लेकिन नीति व नियम निर्धारित नहीं हो सके। इससे गत 6 वर्षों से तृतीय श्रेणी शिक्षकों के तबादले नहीं किए गए। प्रदेश में वरिष्ठ अध्यापक से लेकर जिला शिक्षा अधिकारी तक पदों की पिछले 4 सत्रों से पदोन्नतियां नहीं की जा रही है, वहीं प्रदेश के विभिन्न स्कूलों में एक वर्ष से 20 हजार से अधिक शिक्षक अधिशेष चल रहे हैं, उनको समय पर वेतन भुगतान नहीं हो पा रहा है। शिक्षकों की विभिन्न समस्याओं की लगातार अनदेखी के चलते राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ ने राज्यव्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान व प्रदेश महामंत्री राजेश शर्मा ने बताया कि मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव को 15 दिवस का नोटिस भेजकर शीघ्र नीतिगत निर्णय करते हुए शिक्षा विभाग में रुकी हुई डीपीसी कराने, शिक्षकों के स्थानांतरण की डेड लाइन तय कर शिक्षा विभाग में स्थानांतरण से प्रतिबंध हटाते हुए तृतीय श्रेणी शिक्षकों सहित डार्क जोन एवं टीएसपी एरिया के शिक्षकों का सामान्य जिलों में समायोजन करने की मांग की है।

दैनिक भास्कर
अजमेर 03-08-2024

**सातवां दिन** • 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल में दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल में

# मनु आज तीसरे मेडल पर निशाना साधेंगी, जीतीं तो बनेगा इतिहास

## गेम्स में दो ब्रॉन्ज मेडल जीत चुकी हैं मनु भाकर

भास्कर न्यूज | पेरिस

भारतीय युवा निशानेबाज मनु भाकर इतिहास रचने के करीब हैं। पेरिस 2024 में दो ब्रॉन्ज जीत चुकीं मनु शनिवार को मेडल की हैट्रिक पर निशाना साधेंगी। शुक्रवार को 22 साल की मनु 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल के फाइनल में पहुंच गईं। अगर वे मेडल जीत जाती हैं तो यह उनका गेम्स में तीसरा मेडल होगा। वे तीन ओलिंपिक मेडल जीतने वाली भारत की पहली खिलाड़ी बन जाएंगी। क्वालिफिकेशन में मनु दूसरे स्थान पर रहकर फाइनल में पहुंचीं। उन्होंने प्रिसीजन राउंड में 294 और रैपिड राउंड में 296 स्कोर किया। उनका कुल स्कोर 590 रहा। वे टॉप पर रहीं हंगरी की वेरोनिका मेजर (592) से सिर्फ दो अंक पीछे रहीं। 27 साल की वेरोनिका ने ओलिंपिक रिकॉर्ड बनाया। एक अन्य भारतीय एशा सिंह 581 स्कोर के साथ 18वें नंबर पर रहीं। क्वालिफिकेशन में 40 निशानेबाज उतरी थीं।

## मनु ने भोपाल में की थी अंतिम तैयारी, यहां सुबह 5 बजे शुरू होता था उनका रूटीन

अनिल बंसल | भोपाल

लगभग हर शॉट के बाद खुद को संयमित रखने की मनु भाकर की आदत उनके खेल दिनचर्या का हिस्सा है। इस बार मनु ने ओलिंपिक के लिए अपनी अंतिम तैयारियां भोपाल में की थीं। भास्कर मनु के सबसे पसंदीदा 25 मीटर इवेंट से पहले भोपाल की शूटिंग रेंज पहुंचा और खिलाड़ियों व कोच से मिलकर मनु की तैयारियों को जाना। भोपाल में मनु का रूटीन सुबह पांच बजे शुरू होता। वे होटल में मेडिटेशन और नाश्ता करके सुबह करीब 8.50 पर रेंज में पहुंचती। नौ बजे प्रैक्टिस शुरू करतीं, जो दोपहर एक बजे समाप्त होती। शूटिंग एकेडमी इंचार्ज सुनीता लाखन व कोच जयवर्धन सिंह चौहान के मुताबिक, 'एक बार वे अपनी लेन में खड़ी हो जातीं तो उन्हें कोई चीज प्रभावित नहीं कर पाती थी। खराब शॉट पर कभी उन्हें निराश नहीं देखा तो परफेक्ट शॉट के बाद बहुत ज्यादा उत्साहित भी नहीं। बीच-बीच में कोच जसपाल राणा जरूर कुछ-कुछ समझाते। यह युवा खिलाड़ियों के लिए एक मैसेज था कि कैसे फोकस रहा जा सकता है।'




## आर्चरी: पहला सेमीफाइनल, लेकिन मेडल से चूक गए

अंकिता भगत और धीरज बोम्मादेवारा की भारतीय तीरंदाजी मिक्स्ड टीम ने इतिहास रचा। भारतीय टीम सेमीफाइनल में पहुंच गई। यह ओलिंपिक इतिहास में पहला मौका रहा, जब भारत के तीरंदाज सेमीफाइनल तक पहुंचे। हालांकि, भारत का ओलिंपिक तीरंदाजी में 36 साल से चला आ रहा मेडल का सूखा खत्म नहीं हुआ। सेमीफाइनल में अंकिता-धीरज की जोड़ी को दक्षिण कोरियाई जोड़ी ने 6-2 से हराया। इस हार के कारण भारतीय टीम को ब्रॉन्ज मेडल प्लेऑफ खेलने का मौका मिला, जिसमें विजेता टीम को ब्रॉन्ज मिलता। लेकिन यहां अमेरिका ने भारत को 6-2 से हरा दिया और भारतीय टीम मेडल से चूक गई। इससे पहले, भारत ने स्पेन को 5-3 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया था।

**जूडो: पहले राउंड में हारकर तूलिका का अभियान खत्म :** भारतीय जूडोका तूलिका मान का अभियान पहले राउंड में हार के साथ समाप्त हो गया। महिला 78+ किग्रा में तूलिका को क्यूबा की इदल्यास ओर्टिज ने 10-0 से शिकस्त दी। लंदन गेम्स की चैम्पियन रहीं ओर्टिज सिर्फ 28 सेकंड में जीत गईं।

## बैडमिंटनः 'लक्ष्य' से एक कदम दूर सेन

### लक्ष्य सेन वापसी करते हुए सेमीफाइनल में पहुंचे

भारत के युवा शटलर लक्ष्य सेन ने भारत की उम्मीदें कायम रखी हैं। 22 साल के लक्ष्य ने क्वार्टर फाइनल में पहला गेम हारने के बाद वापसी करते हुए 75 मिनट में मुकाबला जीता और सेमीफाइनल में जगह बनाई। अब लक्ष्य मेडल के अपने टारगेट से सिर्फ एक कदम दूर हैं। वे सेमीफाइनल में पहुंचने वाले भारत के पुरुष शटलर बन गए हैं। शुक्रवार को लक्ष्य ने ताइवान के चोउ तिएन चेन के खिलाफ तीन गेम में जीत दर्ज की। वर्ल्ड नंबर-14 लक्ष्य ने वर्ल्ड नंबर-11 चेन को 19-21, 21-15, 21-12 से शिकस्त दी। वे गेम्स में भारत की एकमात्र चुनौती बाकी हैं। पीवी सिंधु और सात्विक-चिराग की जोड़ी बाहर हो चुकी है। लक्ष्य से पहले सिर्फ सिंधु व साइना नेहवाल क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ सकी हैं। 34 साल के चेन को साल 2023 में कैंसर का पता चला था। उन्होंने एक बार फिर क्वार्टर फाइनल में फिनिश किया।



## हॉकीः आक्रामक गेम से जीता भारत

### ऑस्ट्रेलिया को अंतिम ग्रुप मैच में 3-2 से शिकस्त दी

भारतीय हॉकी टीम ने ओलिंपिक में अपना ग्रुप राउंड जीत के साथ खत्म किया। पहले ही क्वार्टर फाइनल में जगह बना चुके भारत ने पूल बी के अपने अंतिम मैच में मजबूत प्रतिद्वंद्वी ऑस्ट्रेलिया पर 3-2 से जीत हासिल की। ऑस्ट्रेलिया पिछले ओलिंपिक का सिल्वर मेडलिस्ट जबकि भारत ब्रॉन्ज मेडलिस्ट है। ऐसा लग रहा था कि भारत ने अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अपने अंतिम पूल मैच के लिए बचाकर रखा था, क्योंकि उसने शुरू से ही आक्रामक हॉकी खेली और पूरे मैच में अच्छा बचाव किया। भारत ने शुरुआती क्वार्टर में ही दो गोल कर वर्ल्ड नंबर-4 ऑस्ट्रेलिया पर बढ़त बना ली थी। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए। अब उनके गेम्स में 6 गोल हो गए हैं। भारत ने ग्रुप ऑफ डेथ कहे जाने वाले पूल बी में 9 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। डिफेंडिंग चैम्पियन बेल्जियम (12) टॉप पर है।



# युवा-शिक्षा-अवसर



मिशन एडमिशन • कोर्स संचालित करने के लिए कम से कम 10 का प्रवेश जरूरी, 7 कोर्स ऐसे जिनमें 5 से कम ने फीस जमा की

## एमडीएसयू के 16 कोर्स में अब तक 181 स्टूडेंट्स ने ही लिया एडमिशन

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर



एमडीएस यूनिवर्सिटी में संचालित कोर्सेज में प्रवेश की स्थिति चौंकाने वाली है। हालांकि आवेदन अच्छी तादाद में कोर्स वाइज मिले हैं, लेकिन फीस जमा करवाकर प्रवेश सुनिश्चित करने के मामले में स्थिति खराब है। यूजी, पीजी और डिप्लोमा के 16 कोर्स ऐसे हैं जिनमें महज 181 विद्यार्थियों ने ही फीस जमा करा कर प्रवेश फाइनल किया है। अब प्रवेशित विद्यार्थियों की तादाद बढ़ाने के लिए एमडीएसयू प्रशासन ने आवेदन और फीस जमा कराने की तारीख में भी बदलाव किया है। प्रवेश की स्थिति ये है कि 7 कोर्स में 5 से भी कम विद्यार्थियों के प्रवेश हुए हैं वहीं 3 कोर्स ऐसे हैं जिनमें अब तक प्रवेश लेने वालों की तादाद 5 से 9 तक ही पहुंची हैं। जबकि कोर्स संचालित करने के लिए कम से कम 10 विद्यार्थियों का प्रवेश जरूरी है। अब बुरी स्थिति से बचने के लिए यूनिवर्सिटी की परीक्षा समिति ने आवेदन करने और फीस जमा कराने की तारीख में बदलाव किया है। अब विभिन्न कोर्सेज में आवेदन 11 अगस्त तक किए जा सकेंगे। जबकि फीस जमा कराने के लिए 14 अगस्त तक का वक्त दिया गया है।

| कोर्स | फीस जमा | कोर्स | फीस जमा |
|---|---|---|---|
| बीफार्मा | 48 | एमएससी जूलॉजी | 02 |
| बीएससी ऑनर्स एनवायरमेंटल साइंस | 05 | एमएससी एप्लायड केमेस्ट्री | 03 |
| बीसीए ऑनर्स | 19 | एमएससी केमेस्ट्री | 01 |
| बीएससी फूड साइंस एंड न्यूट्रिशन | 16 | मास्टर ऑफ बिजनेस एड एमबीए | 17 |
| बीएससी नेचुरोपैथी एंड यौगिक साइंस | 17 | मास्टर ऑफ कॉमर्स ईएएफएम | 05 |
| डीफार्मा | 28 | मास्टर ऑफ बिजनेस एड एमबीए डीएस | 01 |
| एमए जर्नलिज्म एंड मास कॉम | 02 | योगा इंस्ट्रक्टर सर्टिफिकेट | 09 |
| एमएससी बॉटनी | 04 | डिप्लोमा कोर्स इ बेसिक ऑर्निथोलॉजी | 04 |

(नोट : परीक्षा समिति के सदस्य प्रोफेसर नीरज भार्गव के मुताबिक आंकड़े गुरुवार शाम 5 बजे तक के हैं)

---

आरपीएससी • 9 साल बाद हो रही है परीक्षा, इससे पहले आयोग ने 2013 में कराई थी

## पुरालेखपाल और सहायक पुरालेखपाल भर्ती परीक्षा आज अजमेर में, 15 सेंटरों पर 3490 अभ्यर्थी देंगे परीक्षा

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

आरपीएससी द्वारा शनिवार को पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा केवल अजमेर में ही होगी। पुरालेखपाल के 3 और सहायक पुरालेखपाल के 2 पदों के लिए कुल 15 सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटरों पर कुल 3490 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। इससे पहले ये परीक्षा 2013 में ली गई थी।

पहली शिफ्ट में सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक पुरालेखपाल की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी शिफ्ट में दोपहर 3 से शाम 5:30 बजे तक सहायक पुरालेखपाल की भर्ती परीक्षा होगी। पहली शिफ्ट में 7 सेंटरों पर 1706 और दूसरी शिफ्ट में 8 सेंटरों पर 1784 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचेंगे। आयोग ने इन परीक्षाओं के लिए तैयारियां मुकम्मल कर ली हैं। आयोग सचिव रामनिवास मेहता के मुताबिक अभ्यर्थियों को परीक्षाओं में ओएमआर उत्तर-पत्रक के पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर किसी भी परीक्षार्थी को परीक्षा के शुरू होने से 60 मिनट पहले यानी एक घंटा पहले तक ही प्रवेश दिया जाएगा। इसके बाद किसी भी परीक्षार्थी एंट्री नहीं मिलेगी।

### परीक्षा सेंटर पर अभ्यर्थी को ये दस्तावेज लाने होंगे

- अभ्यर्थियों को पहचान के लिए परीक्षा केंद्र पर मूल आधार कार्ड (रंगीन प्रिंट) लेकर उपस्थित होना होगा।
- यदि मूल आधार कार्ड पर फोटो पुरानी या अस्पष्ट है तो अन्य मूल फोटो युक्त पहचान-पत्र जिनमें मतदाता पहचान-पत्र, पासपोर्ट, ड्राइविंग लाइसेंस जिनमें नया स्पष्ट फोटो हो लेकर आना होगा।
- अभ्यर्थी प्रवेश-पत्र के साथ जारी आवश्यक अनुदेशों का अवलोकन जरूर कर लें।
- आयोग द्वारा आयोजित परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी किसी दलाल, मीडिएटर, समाजकंटक या अपराधी के बहकावे में न आएं।
- यदि कोई पास कराने के नाम पर रिश्वत की मांग या अन्य कोई प्रलोभन व झांसा देता है तो प्रमाण सहित इसकी शिकायत करें।
- इस संबंध में जांच एजेंसी, आयोग कंट्रोल रूम नंबर 0145-2635200, 2635212 और 2635255 पर शिकायत करें।
- परीक्षा में अनुचित साधन अपनाए जाने और अनुचित कृत्यों में शामिल होने पर राजस्थान सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम के अध्युपाय) अधिनियम, 2022 के तहत आजीवन कारावास, 10 करोड़ तक के जुर्माने से दंडित किया जा सकता है। चल अचल संपत्ति कुर्क कर जब्त की जा सकती है।

**अगले दो दिन यह परीक्षाएं भी होंगी:** 4 अगस्त को शोध अध्येता के 1 पद के लिए 4 सेंटरों परीक्षा सुबह 10 से 12.30 बजे तक होगी। वहीं 3 से शाम 5:30 बजे तक शोध अधिकारी के 1 पद के लिए 6 सेंटर पर परीक्षा होगी। इसी तरह 5 अगस्त को रसायनज्ञ के 1 पद के लिए 5 सेंटरों पर परीक्षा होगी। यह परीक्षा सुबह 10 से दोपहर 12.30 बजे तक ली जाएगी।

## फार्मेसी की काउंसलिंग हुई, 33 विद्यार्थियों ने दी रिपोर्टिंग

अजमेर | एमडीएस यूनिवर्सिटी में संचालित फार्मेसी विभाग के दोनों कोर्स की रिक्त रही सीटों के लिए शुक्रवार को काउंसलिंग हुई। काउंसलिंग में कुल 33 विद्यार्थी पहुंचे। विभागाध्यक्ष अरविंद पारीक के मुताबिक अब बीफार्मा में सभी सीटें भर गई हैं जबकि डी फार्मा में 20 सीटें अभी भी खाली हैं। गौरतलब है कि बी फार्मा और डी फार्मा में 60-60 सीटें हैं। इनमें से बी फार्मा की 48 सीटों और डी फार्मा की 28 सीटों पर प्रवेश हो गए थे। शुक्रवार को डी फार्मा की 32 रिक्त सीटों और बीफार्मा की 12 रिक्त सीटों के लिए काउंसलिंग की गई थी। इसमें बीफार्मा के 15 और डीफार्मा के 18 विद्यार्थी पहुंचे थे। बीफार्मा की 12 सीटों पर विद्यार्थियों का चयन कर लिया गया। जबकि डीफार्मा की शेष 8 सीटों पर चयन किया गया।अब आवेदन की तारीख बढ़ने से डीफार्मा की शेष सीटों पर आवेदन आने की उम्मीद है।

## सीएम उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में स्वीकृत बजट भी पूरा खर्च नहीं

अजमेर | प्रदेश में उच्च शिक्षा में नामांकन बढ़ाने के लिए प्रचार-प्रसार की कमी के चलते मुख्यमंत्री उच्च शिक्षा छात्रवृत्ति योजना में पूरा बजट खर्च नहीं हो रहा है। बजट घोषणा वर्ष 2019-20 में प्रतिभावान दिव्यांग विद्यार्थियों को 1000 रुपए प्रतिमाह ( दस हजार रुपए वार्षिक) छात्रवृत्ति भुगतान की घोषणा की गई है। बजट घोषणा 2019-20 में अल्पसंख्यक छात्राओं को जिन्होंने 12 वीं कक्षा में 75 फीसदी से अधिक अंक प्राप्त किए है।। उन्हें 500 रुपए प्रतिमाह (अधिकतम 5 हजार रुपए वार्षिक) अतिरिक्त छात्रवृत्ति देने की घोषणा की गई है।

### इस तरह घट रहा खर्च

| वर्ष | स्वीकृत | खर्च |
|---|---|---|
| 2020-21 | 5475 | 3967.70 |
| 2021-22 | 4050 | 2622.37 |
| 2022-23 | 5097 | 4778 |
| 2023-24 | 5119 | 3909.18 |

स्वीकृत राशि और खर्च राशि लाखों में

### क्या है छात्रवृति योजना

नियमित छात्र-छात्राओं को 12वीं में 60% या अधिक अंक पाना और जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख से कम हों। उन्हें वार्षिक 5 हजार रुपए 5 साल तक छात्रवृत्ति देय है। यूजी प्रथम वर्ष में वरीयता के आधार पर एक लाख विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति देने का प्रावधान है। यूजी प्रथम वर्ष के बाद अग्रिम कक्षाओं में निर्धारित पात्रता पूर्ण करने पर छात्रवृत्ति दिए जाने का प्रावधान है।

## सालाना बजट से जुटाएंगे इंजीनियरिंग कॉलेजों में लैब इक्यूप्मेंट्स

### दोनों कॉलेजों ने दिया बीटीयू को बजट प्रस्ताव

एजुकेशन रिपोर्टर | अजमेर

बीटीयू के संघटक इंजीनियरिंग कॉलेजों में सत्र 2024-25 के लिए सालाना बजट प्रस्ताव पेश किए गए। इस बजट को लैब इक्यूप्मेंट्स और विद्यार्थियों की सुविधा के अलावा अन्य मदों पर खर्च किया जाएगा। अजमेर के दोनों इंजीनियरिंग कॉलेजों ने अपना अपना बजट प्रस्ताव बीटीयू में पेश किया है। अब दोनों की जरूरत के लिहाज से बीटीयू प्रशासन बजट जारी करेगा। माखुपुरा स्थित महिला इंजीनियरिंग कॉलेज प्रशासन ने इस बार 16.8 करोड़ का बजट प्रस्ताव दिया है। प्राचार्य डॉ. प्रकृति त्रिवेदी के मुताबिक बजट बैठक में यह प्रस्ताव रखे गए हैं। इससे इस सत्र के वेतन और विद्यार्थियों की सुविधाओं के लिए शैक्षणिक संसाधनों की पूर्ति की जाएगी। बड़लिया स्थित इंजीनियरिंग कॉलेज की प्राचार्य डॉ. रेखा मेहरा ने बताया कि इस बार कॉलेज का बजट प्रस्ताव 36 करोड़ रुपए का दिया गया है। इनमें से 27 करोड़ रुपए वेतन के लिए हैं। जबकि 9 करोड़ सभी लैबों में इक्यूप्मेंट्स और अन्य शैक्षणिक सामग्रियों और अन्य कामों के लिए अलग अलग मद में मांगे गए हैं। उन्होंने बताया कि बीटीयू प्रशासन कितनी राशि जारी करेगा। इसका खुलासा कुछ दिन बाद ही होगा।

# युवा-शिक्षा-अवसर



मिशन एडमिशन • ऑनलाइन होंगे आवेदन, 24 अगस्त तक जमा होगी फीस

## राज्य के एमबीए और एमसीए कॉलेजों में प्रवेश 9 अगस्त से होंगे, ईसीबी में 120 सीटें निर्धारित

एजुकेशन रिपोर्टर | बीकानेर

इंजीनियरिंग कॉलेज बीकानेर सहित राज्य के अन्य एमबीए व एमसीए कॉलेजों में प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया 9 अगस्त से शुरू होगी। राजस्थान राज्य एवं राज्य के बाहरी अभ्यर्थियों के लिए केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया आरमेप और आरएमकेप के जरिए शुरू होंगे। ईसीबी में एमबीए की पांच ब्रांचों में एडमिशन के लिए अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। ईसीबी में एमबीए की फाइनेंस, मार्केटिंग, ह्यूमन रिसोर्स, उद्यमिता, व डाटा साइंस ब्रांच की 60 सीटों पर एडमिशन के लिए विद्यार्थी आवेदन कर सकेंगे। वहीं एमसीए में भी 60 सीटों पर एडमिशन मिलेगा। ईसीबी के मैनेजमेंट विभाग के असिस्टेंट प्रोफेसर डॉ. नवीन शर्मा ने बताया कि एमबीए में प्रवेश के लिए आरमेप-2024 की वेबसाइट www.rma p24.com पर जाकर और एमसीए के लिए आरएमके प-2024 की वेबसाइट www.rmca ap24.com पर ओटीपी आधारित रजिस्ट्रेशन करवाकर 1770 रूपए शुल्क के साथ आवेदन करना होगा। दोनों ही कोर्स में शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 24 अगस्त है। आवेदन फॉर्म में कॉलेज चॉइस भरने और लॉक करने की अंतिम तिथि 4 सितम्बर रहेगी।

### एमसीए में प्रवेश की यह रहेगी प्रक्रिया

राजस्थान एमसीए एडमिशन प्रोसेस के मुताबिक सामान्य वर्ग में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको सहित (45% रिजर्व्ड केटेगरी) बीसीए, कंप्यूटर साइंस अथवा आईटी विषय में बीएससी या बीटेक उत्तीर्ण विद्यार्थी या किसी भी विषय में स्नातक उत्तीर्ण ऐसे विद्यार्थी जिसने 10+2 अथवा स्नातक स्तर में गणित विषय रहा हो आवेदन के पात्र होंगे।

### एमबीए प्रवेश की पात्रता

राजस्थान मैनेजमेंट एडमिशन प्रोसेस के मुताबिक सामान्य वर्ग में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंको सहित किसी भी विषय में स्नातक किए विद्यार्थी एमबीए में प्रवेश के लिए आवेदन कर सकेंगे। आरक्षित वर्ग के लिए 45% अंक जरूरी है। प्रथम वरीयता केट, जेट, सीमेट, एटीएमए, मेट, जीमेट 2024 एग्जाम क्वालीफाई को दी जाएगी

*ईसीबी को आरआईटी में उन्नत करने से एडमिशन लेने वाले अभ्यर्थियों को बेहतर इंफ्रास्ट्रक्चर, कौशल विकास, नवाचार युक्त गुणवत्ता परख शिक्षा मिलेगी। एडमिशन सम्बन्धी सभी तैयारियां कर ली गई है।* **डॉ. ओम प्रकाश जाखड़**, *प्राचार्य, ईसीबी*

## पुरालेखपाल और सहायक पुरालेखपाल के पदों के लिए परीक्षा आज होगी

बीकानेर| राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा शनिवार को पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा केवल अजमेर में ही होगी। पुरालेखपाल के 3 और सहायक पुरालेखपाल के 2 पदों के लिए कुल 15 सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटरों पर कुल 3490 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहली शिफ्ट में सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक पुरालेखपाल की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी शिफ्ट में दोपहर 3 से शाम 5:30 बजे तक सहायक पुरालेखपाल की भर्ती परीक्षा होगी। पहली शिफ्ट में 7 सेंटरों पर 1706 और दूसरी शिफ्ट में 8 सेंटरों पर 1784 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचेंगे। आंसर शीट में पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। नकल को रोकने के लिए आरपीएससी ने फ्लाइंग का भी गठन किया है। जो सभी केंद्रों परन नजर रखेंगी।

## परीक्षा की आंसर की जारी, आपत्ति 6 अगस्त से

बीकानेर | राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड द्वारा 13 जुलाई को आयोजित पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती-2024 परीक्षा का मास्टर प्रश्न पत्र तथा प्रारम्भिक उत्तर कुंजी बोर्ड की वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan .gov.in पर जारी कर दी गई है। यदि किसी परीक्षार्थी को प्रश्न पत्र में शामिल किसी प्रश्न अथवा उत्तर के सबंध में कोई आपत्ति है तो निर्धारित शुल्क के साथ 6 अगस्त मध्य रात्रि से 8 अगस्त रात्रि 23.59 बजे तक अपनी ऑनलाईन आपत्ति बोर्ड की वेबसाईट पर दर्ज करवा सकता है। परीक्षार्थियों को परीक्षा में अलग-अलग सेट के प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए गए थे।

अपलोड किए गए मास्टर प्रश्न पत्र में उनको उपलब्ध कराए गए प्रश्न पत्र के सभी प्रश्न अलग-अलग क्रमांक पर शामिल है। उनके प्रश्न पत्र में किसी प्रश्न के उत्तर के दिए गए विकल्पों का क्रम भी अपलोड किए गए मास्टर प्रश्न पत्र के प्रश्न के उत्तर के विकल्पों में भिन्न क्रम में हो सकता है।

## इग्नू: उम्मीदवार अब 14 अगस्त तक करवा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

बीकानेर | इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के साथ ऑनलाइन प्रोग्राम्स में रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ा दी है। अब आवेदन 14 अगस्त तक किए जा सकते हैं। इससे पहले 31 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। उधर, इग्नू ने यह स्पष्ट किया गया है कि एडमिशन कंफर्म होने तक अगर छात्र अपना आवेदन वापस लेते हैं, तब ही उनकी फीस लौटाई जाएगी। रिफंड फीस कोर्स के कुल फीस का 15 प्रतिशत रहेगी। कम से कम दो हजार रुपए रिफंड फीस होगी। छात्र सेशन शुरू होने से दो माह पहले तक आवेदन कर सकते हैं। इग्नू की वेबसाइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। परीक्षा व कोर्स से संबंधित जानकारी भी वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है।

## आरपीएससी : 24 पदों का संशोधित वर्गीकरण जारी

बीकानेर| राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक खनिज अभियंता 4 (एएमई) भर्ती 2024 का संशोधित वर्गीकरण जारी किया गया। इस भर्ती का विज्ञापन आयोग ने पूर्व में भूवैज्ञानिक एवं सहायक खनिअभियंता भर्ती -2024 शीर्षक से जारी किया था। आयोग सचिव ने बताया कि भूवैज्ञानिक एवं सहायक खनि. अभियंता के पदों पर भर्ती के लिए 10 जुलाई को विज्ञापन जारी किया था। इसके तहत एएमई के कुल 24 पद विज्ञापित किए थे। विभाग द्वारा एएमई के पदों के वर्गीकरण में बदलाव किया गया।

### अगस्त कैलेंडर

| | |
|---|---|
| » सीएपीएफ एग्जाम | 4 अगस्त |
| » लिपिक ग्रेड-2 परीक्षा | 11 अगस्त |
| » नीट यूजी काउंसलिंग | 14 अगस्त से |
| » नीट पीजी | 11 अगस्त |
| » यूजीसी नेट | 21 अगस्त से |
| » गेट की फॉर्म फिलिंग | 24 अगस्त से |

महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल चयन परीक्षा

## 33 जिलों के आधार पर होगी परीक्षा, अधिकारी नियुक्त



एजुकेशन रिपोर्टर| बीकानेर महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में शिक्षकों की पोस्टिंग के लिए होने वाली चयन परीक्षा - 2024 के लिए शिक्षा विभाग ने तैयारियां शुरू कर दी है। परीक्षा 33 जिलों के आधार पर होगी। परीक्षा की नोडल एजेंसी पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएं राजस्थान, बीकानेर को नियुक्त किया गया है। संबंधित जिले के मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी परीक्षा के नोडल अधिकारी होंगे। संबंधित डायट प्राचार्य सह जिला नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। नोडल अधिकारी जिले में परीक्षा केंद्रों का निर्धारण करेंगे। प्रारंभिक शिक्षा निदेशक सीताराम जाट ने इस संबंध में निर्देश दिए हैं। पिछले साल के मुकाबले शिक्षकों की संख्या अधिक होने के कारण परीक्षा केंद्र भी दोगुनी निर्धारित किए जाएंगे। केंद्र निर्धारण के लिए केवल सरकारी स्कूलों का ही चयन किया जाएगा। यदि शहरी क्षेत्र में परीक्षा केंद्रों की कमी रहती है तो जिला मुख्यालय के निकट ब्लॉक मुख्यालय पर भी परीक्षा केंद्र बनाए जा सकेंगे। विदित रहे कि राज्य के 3737 महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूलों में चयन के लिए होने वाली लिखित परीक्षा में इस साल 87,800 आवेदन हुए हैं।

## IBPS-PO: रजिस्ट्रेशन शुरू, परीक्षा 19 व 20 अक्टूबर को

बीकानेर | इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनल सलेक्शन की ओर से आईबीपीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर्स की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार 21 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही आईबीपीएस ने इस भर्ती परीक्षा का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। 20 से 30 साल के आयु के उम्मीदवार ही आवेदन के पात्र होंगे। किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी ने छात्र को पास होना अनिवार्य है। भारतीय छात्र ही इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन 19 व 20 अक्टूबर को किया जाएगा। पात्रता, आवेदन शुल्क, परीक्षा केंद्र सहित अन्य जानकारियां नोटिफिकेशन में मिल जाएगी। आईबीपीएस की वेबसाइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

## education भास्कर

### सप्ताह के जरुरी टॉपिक्स




एक्सपर्ट: आलोक आनंद, कॅरिअर व टेक ब्लॉगर
E-mail: askalokanand@gmail.com


विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए ये टॉपिक्स रहेंगे उपयोगी

• अंतरराष्ट्रीय: यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल, लाओस, रूसी नेवी-डे परेड, संयुक्त राष्ट्र राहत एवं कार्य एजेंसी, निकोलस मादुरो, विश्व रेंजर दिवस-24, क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक, अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस

• राष्ट्रीय : भारतीय एल्युमिनियम उत्पादन, पीएम फसल योजना, राष्ट्रीय शिक्षा नीति, पीएम मित्र पार्क, 500वां सामुदायिक रेडियो स्टेशन, गणतंत्र मंडप एवं अशोक मंडप, प्रीति सूदन, आईएफएफआई महोत्सव

• आर्थिक : नीति आयोग की 9वीं गवर्निंग काउंसिल, कृषि अर्थशास्त्रियों का 32वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, मनोज मित्तल, आपूर्ति श्रृंखला परिषद, भारत-अमेरिका सांस्कृतिक संपदा समझौता

• खेल : रोहन बोपन्ना, मोहसिन नकवी, टी20 एशिया कप 2025, पेरिस ओलंपिक में पदक विजेता भारतीय

• विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी : जीईएफ ग्लोबल यॉटटेक पुरस्कार, प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर, विश्व हेपेटाइटिस दिवस

### भास्कर प्रश्न बैंक

1. रक्षा मंत्रालय ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों को पूंजी बाजार तक पहुंच की सुविधा प्रदान करने के लिए किस संगठन के साथ समझौता किया है?
अ. BSE ब. SEBI स. RBI द. NSE

2. पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय ने स्थापना दिवस कब मनाया?
अ. 5 जून ब. 1 मई स. 27 जुलाई द. 19 अप्रैल

3. नवाचार-रक्षा नवाचार संगठन ने किस के साथ चिकित्सा नवाचार , अनुसंधान विकास के उद्घाटन का समझौता किया ?
अ. रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन
ब. राष्ट्रीय चिकित्सा आयोग
स. अटल नवाचार मिशन
द. सशस्त्र बल चिकित्सा सेवाएं

4. विद्युत मंत्रालय ने आरईसी लिमिटेड के 55वें स्थापना दिवस पर कहां राष्ट्रीय फीडर मॉनिटरिंग सिस्टम एनएफएमएस नियंत्रण केंद्र का उद्घाटन किया।
अ. बेंगलुरु ब. गुरुग्राम स. पुणे द. झांसी

5. किस बैंक ने भारत के 100 शहरों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन और स्वच्छता को बढ़ाने के लिए भारत सरकार के साथ 200 मिलियन अमरीकी डॉलर का ऋण समझौता किया है?
अ. नाबार्ड ब. आरबीआई स. आईएफसी द. एडीबी

6. किस संगठन ने मार्च 2024 के अंत में डिजिटल भुगतान सूचकांक में 445.5 की वृद्धि दर्ज की?
अ. आरबीआई ब. मिराए एसेट इन्वेस्टमेंट मैनेजर्स
स. एनएसई इंडेक्स लिमिटेड द. एमएससीआई इंक

उत्तर- 1. द, 2. स, 3. द, 4. ब, 5. द, 6. अ

**सवाल और सुझाव के लिए**
ई-मेल कीजिए YUVA@dbcorp.in

Cut & Keep

स्टडी अब्रॉड • नीट यूजी की काउंसलिंग के बाद छात्रों की संख्या में होगी थोड़ी बढ़ोतरी

## इस साल कम हो सकती है विदेश जाने वाले छात्रों की संख्या, जुलाई तक 3.60 लाख स्टूडेंट्स गए बाहर

एजुकेशन रिपोर्टर | जयपुर

विदेश में जाकर पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में इस साल कम हो सकती है। जुलाई तक करीब चार लाख छात्र पढ़ने के लिए बाहर गए थे। 2023 में यह संख्या नौ लाख के करीब थी। कोविडकाल के अलावा हर साल विदेश जाकर अंडर ग्रेजुएट व पोस्ट ग्रेजुएट कोर्स करने वाले छात्रों की संख्या में बढ़ोतरी दर्ज की गई है। नॉन कोविड के यह पहली बार होगा कि बाहर जाकर पढ़ने वाले छात्रों की संख्या में कमी आएगी। नीट यूजी के काउंसलिंग के बाद भारत में एमबीबीएस की सीट हासिल नहीं करने वाले छात्रों के कारण बाहर जाने वाले छात्रों की



संख्या में बढ़ोतरी होगी, लेकिन इसके बावजूद आंकड़ा साल 2023 से अधिक नहीं होगा। नई शिक्षा नीति के बाद अब बाहर के संस्थान भारत में अपने कैंपस खोलने लगे हैं। वहीं पिछले दो साल से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठे विभिन्न मुद्दों का असर भी छात्रों पर देखा जा रहा है। सबसे अधिक छात्र एमबीए, एमबीबीएस और बीटेक करने के लिए बाहर जाते हैं। कनाड़ा, यूएस और ऑस्ट्रेलिया में सबसे अधिक भारतीय छात्र पढ़ रहे हैं।

### अब 11 संस्थान टॉप 500 की सूची में

भारत के अब 11 संस्थान टॉप-500 में जगह बना चुके हैं। इसमें आईआईएससी के साथ ही आईआईटीज भी शामिल है। वहीं साल 2015 में मात्र सात संस्थानों ही टॉप-500 की सूची में शामिल थे। आईआईटी के साथ आईआईएम के प्रदर्शन में भी लगातार सुधार होता जा रहा है।

### हर साल विदेश जाने वाले स्टूडेंट्स की संख्या




### वैश्विक स्तर पर चीन के बाद भारत का स्थान

वैश्विक स्तर पर चीन के बाद भारत के सबसे छात्र फॉरेन यूनिवर्सिटीज में पढ़ना पसंद करते हैं। इसका एक कारण भारत में विभिन्न संस्थानों में सीटों की संख्या कम होना भी बताया जा रहा है। एशिया से सबसे अधिक छात्र बाहर जाते हैं।

### पुरालेखपाल और सहायक पुरालेखपाल के पदों के लिए परीक्षा आज होगी

जयपुर| राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा शनिवार को पुरालेखपाल, सहायक पुरालेखपाल प्रतियोगी परीक्षा-2024 का आयोजन किया जाएगा। परीक्षा केवल अजमेर में ही होगी। पुरालेखपाल के 3 और सहायक पुरालेखपाल के 2 पदों के लिए कुल 15 सेंटर बनाए गए हैं। इन सेंटरों पर कुल 3490 अभ्यर्थी परीक्षा देंगे। पहली शिफ्ट में सुबह 10 से दोपहर 12:30 बजे तक पुरालेखपाल की परीक्षा होगी, जबकि दूसरी शिफ्ट में दोपहर 3 से शाम 5:30 बजे तक सहायक पुरालेखपाल की भर्ती परीक्षा होगी। पहली शिफ्ट में 7 सेंटरों पर 1706 और दूसरी शिफ्ट में 8 सेंटरों पर 1784 अभ्यर्थी परीक्षा देने पहुंचेंगे। आंसर शीट में पांचवें विकल्प को भरने के लिए 10 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। नकल को रोकने के लिए आरपीएससी ने फ्लाइंग का भी गठन किया है। जो सभी केंद्रों परन नजर रखेगी।

## एम्स: 99%+ अंक आने पर भी नहीं मिली सीट

जयपुर | नेशनल ईंपोर्टेंस कंबाइंड एंट्रेंस टेस्ट में 99.65 प्रतिशत अंक हासिल करने के बाद भी एम्स में हायर स्टडीज के लिए एडमिशन मिलना मुश्किल हो रहा है। अब यह मामला कोर्ट में पहुंच गया है। दरअसल, एम्स में एंट्रेंस टेस्ट के साथ ही खुद के इंस्टीट्यूट में दाखिला दिए जाने में प्राथमिकता दी जाती है। कोर्ट में दायर याचिका में बताया कि 99.65 फीसदी अंक हासिल करने वाले की जगह कोटा सिस्टम की वजह से 10721 रैंक वाले छात्र को दाखिला मिल गया। आईएनआई सीईटी के स्कोर पर दिल्ली एम्स के साथ ही जिपमेर में एडमिशन दिया जाता है। यहां पर उन छात्रों को प्राथमिकता दी जाती है, जिन्होंने एम्स से एमबीबीएस पूरी कर ली। इंटरनल कोटे के आधार पर 50 फीसदी सीटें और ओपन कॉम्पिटिशन के जरिए शेष रही 50 सीटें भरी जाती है । अब एम्स की ओर से बनाए गए इस नियम को सुप्रीम कोर्ट में चैलेंज किया गया है।

## इग्नू: उम्मीदवार अब 14 अगस्त तक करवा सकेंगे रजिस्ट्रेशन

जयपुर | इंदिरा गांधी नेशनल ओपन यूनिवर्सिटी ने ओपन एंड डिस्टेंस लर्निंग के साथ ऑनलाइन प्रोग्राम्स में रजिस्ट्रेशन की तारीख बढ़ा दी है। अब आवेदन 14 अगस्त तक किए जा सकते हैं। इससे पहले 31 जुलाई तक आवेदन किए जा सकते हैं। उधर, इग्नू ने यह स्पष्ट किया गया है कि एडमिशन कंफर्म होने तक अगर छात्र अपना आवेदन वापस लेते हैं, तब ही उनकी फीस लौटाई जाएगी। रिफंड फीस कोर्स के कुल फीस का 15 प्रतिशत रहेगी। कम से कम दो हजार रुपए रिफंड फीस होगी। छात्र सेशन शुरू होने से दो माह पहले तक आवेदन कर सकते हैं। इग्नू की वेबसाइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है। परीक्षा व कोर्स से संबंधित जानकारी भी वेबसाइट पर उपलब्ध करवा दी गई है।

### एमबीए व एमसीए में दाखिले की प्रक्रिया नौ से होगी शुरू

जयपुर| राज्य के एमबीए व एमसीए कॉलेजों में प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया 9 अगस्त से शुरू होगी। राजस्थान राज्य एवं राज्य के बाहरी अभ्यर्थियों के लिए केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया आरमेप और आरएमकेप के जरिए शुरू होगी। एमबीए में प्रवेश के लिए आरमेप-2024 की वेबसाइट www.rmap24.com पर जाकर और एमसीए के लिए आरएमकेप-2024 की वेबसाइट www.rmcaap24.com पर ओटीपी आधारित रजिस्ट्रेशन करवाकर 1770 रुपए शुल्क के साथ आवेदन करना होगा। दोनों ही कोर्स में शुल्क जमा करवाने की अंतिम तिथि 24 अगस्त है।

### अगस्त कैलेंडर

| | |
|---|---|
| » सीएफपीएफ एग्जाम | 4 अगस्त |
| » लिपिक ग्रेड-2 परीक्षा | 11 अगस्त |
| » नीट यूजी काउंसलिंग | 14 अगस्त से |
| » नीट पीजी | 11 अगस्त |
| » यूजीसी नेट | 21 अगस्त से |
| » गेट की फॉर्म फिलिंग | 24 अगस्त से |

## सीएसएबी: ज्यादा से ज्यादा ब्रांच के विकल्प भरें स्टूडेंट्स

पहला सीट अलॉटमेंट पांच अगस्त को जारी होगा



जयपुर| एनआईटी-ट्रिपलआईटी सहित 98 शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों की खाली सीटों के लिए सीएसएबी द्वारा दो स्पेशल राउण्ड काउंसलिंगके लिए रजिस्ट्रेशन अब बंद हो चुके हैं। रजिस्ट्रेशन के बाद तीन अगस्त शाम पांच बजे तक कॉलेज च्वाइस फिलिंग कर सकते हैं। पहला सीट आवंटन 5 अगस्त को जारी किया जाएगा। सीएसएबी काउंसलिंग में स्टूडेंट्स को 567 ब्रांच च्वाइसेज को भरने का विकल्प दिया गया है।

सीएसएबी के बाद एनआईटी-ट्रिपलआईटी के लिए अन्य कोई प्रवेश प्रक्रिया नहीं कराई जाएगी। इसलिए छात्र स्पेशल राउण्ड च्वाइस फिलिंग में अपनी रुचि के अनुसार ज्यादा से ज्यादा कॉलेज च्वाइसेज को भरें क्योंकि वेबसाइट पर जारी सीट मैट्रिक्स अनुमानित है, इससे अधिक सीटों के भी खाली रहती हैं। जिन छात्रों को जोसा काउंसलिंग में किसी भी कॉलेज सीट का आवंटन हुआ था, यदि वो स्पेशल राउण्ड काउंसलिंग में भाग ले रहे हैं तो उन्हें अपनी मिली हुई सीट से बेहतर कॉलेज च्वाइस ही भरना चाहिए क्योंकि सीएसएबी काउंसलिंग में सीट नहीं मिलने पर उनकी जोसा काउंसलिंग में आवंटित कॉलेज सीट ही वापस अलॉट कर दी जाएगी। ऐसे स्टूडेंट्स जिन्हें सीएसएबी काउंसलिंग में नई कॉलेज ब्रांच का आवंटन होता है तो उनकी पूर्व की जोसा सीट कैंसिल कर दी जाएगी।

## IBPS-PO: रजिस्ट्रेशन शुरू, परीक्षा 19 व 20 अक्टूबर को

जयपुर | इंस्टीट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सोनल सलेक्शन की ओर से आईबीपीएस प्रोबेशनरी ऑफिसर्स की भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक उम्मीदवार 21 अगस्त तक आवेदन कर सकते हैं। इसके साथ ही आईबीपीएस ने इस भर्ती परीक्षा का नोटिफिकेशन भी जारी कर दिया है। 20 से 30 साल के आयु के उम्मीदवार ही आवेदन के पात्र होंगे। किसी भी मान्यता प्राप्त यूनिवर्सिटी ने छात्र को पास होना अनिवार्य है। भारतीय छात्र ही इस परीक्षा के लिए आवेदन कर सकते हैं। परीक्षा का आयोजन 19 व 20 अक्टूबर को किया जाएगा। पात्रता, आवेदन शुल्क, परीक्षा केंद्र सहित अन्य जानकारियां नोटिफिकेशन में मिल जाएगी। आईबीपीएस की वेबसाइट पर जाकर आवेदन किया जा सकता है।

# आरपीएससी: नए चेयरमैन का इंतजार, किसे मिलेगा जिम्मा...अब तक तस्वीर साफ नहीं

## दिन भर रही नए अध्यक्ष के नाम को लेकर चर्चा

**अजमेर** | आरपीएससी के चेयरमैन संजय श्रोत्रिय के रिटायर होने के बाद आयोग के कार्मिक अब नए चेयरमैन के इंतजार में हैं। शुक्रवार को भी कार्मिक जयपुर से यह जानकारी जुटाने का प्रयास करते रहे कि नए चेयरमैन को लेकर किसका नाम तय किया जा रहा है। हालांकि शुक्रवार देर शाम तक भी इस मामले में किसी के हाथ कुछ नहीं लगा। हालांकि शुक्रवार को भी 31 जुलाई को रिटायर हुए रेवेन्यू बोर्ड के पूर्व चेयरमैन राजेश्वर सिंह और पूर्व में आयोग के सचिव रह चुके आईएएस नरेश कुमार ठकराल के नामों को लेकर चर्चाएं आम रही। लेकिन राजभवन से किसके नाम के आदेश निकाले जाएंगे इसे लेकर सस्पेंस बरकरार है।

श्रोत्रिय ने अपना कार्यकाल पूरा होने पर गुरुवार को पद त्याग किया था। आयोग की वेबसाइट से गुरुवार शाम को ही उनका फोटो हटा दिया गया था। लेकिन किसी को चार्ज नहीं देने से शुक्रवार का दिन बगैर अध्यक्ष के ही आरपीएससी में काम किया गया। प्रशासनिक कार्यों के लिए सचिव और अन्य कामों के लिए पांच मेंबर्स भी आयोग में मौजूद हैं। ऐसे में काम प्रभावित होने जैसी स्थिति नहीं रही। शनिवार से तीन दिन तक लगातार प्रतियोगी परीक्षाओं का आयोजन होना है, लेकिन इसकी तैयारियां पहले से ही मुकम्मल कर ली गई थी। चीफ परीक्षा नियंत्रक परीक्षा संबंधित व्यवस्थाओं में शुक्रवार को भी लगे रहे।

### अब गेंद सरकार के पाले में

आरपीएससी में पेपर लीक सहित परीक्षाओं में गड़बड़ियों के मामलों को भाजपा नेताओं ने पिछली सरकार के समय जमकर उठाया था। अब जबकि प्रदेश में भाजपा की ही सरकार है ऐसे में आयोग चेयरमैन की जिम्मेदारी किसे दी जाएगी, इसे लेकर सभी को उत्सुकता है।

## डिस्कॉम: नए एमडी के लिए अजमेर से 4 दावेदार

**अजमेर** | प्रदेश के तीनों डिस्कॉम में प्रबंध निदेशक पद के लिए आवेदन की 2 अगस्त को आखिरी तारीख थी। राज्य सरकार ने पात्रता पूरी करने वाले चीफ इंजीनियरों से आवेदन मांगे थे। अजमेर डिस्कॉम के भी 4 चीफ इंजीनियरों ने आवेदन किया है। इनमें वर्तमान एमडी केपी वर्मा भी शामिल हैं।

सूत्रों के मुताबिक अजमेर डिस्कॉम में वर्तमान एमडी के अलावा चीफ इंजीनियर एमएल मीणा, अशोक कुमार शर्मा और मुकेश चंद्र बाल्दी ने एमडी पद के लिए दावेदारी जताई है। कहा यह भी जा रहा है वर्तमान एमडी वर्मा को ही यह जिम्मेदारी दोबारा दी जा सकती है। अगर उन्हें कहीं दूसरी जगह बड़ी जिम्मेदारी दी गई तो मीणा और बाल्दी में से किसी को एमडी बनाया जा सकता है। हालांकि यह तय नहीं है कि अजमेर डिस्कॉम में ही यह जिम्मेदारी दी जाए।

## सीटें खाली रहने पर सीयूआर अपने स्तर पर करा सकेंगी प्रवेश परीक्षा

**अजमेर** | यूजीसी ने देशभर की सेंट्रल यूनिवर्सिटी की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए अपने स्तर पर प्रवेश परीक्षा कराने का रास्ता खोल दिया है। सीयूईटी के जरिए सीटें खाली रहने पर यह प्रवेश परीक्षा कराई जा सकेगी। सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ राजस्थान (सीयूआर) भी यह रास्ता चुन सकती है।

यूजीसी ने गुरुवार को घोषणा की थी कि यदि सीयूईटी के जरिए प्रवेश के बाद यूजी और पीजी कोर्सेज में सीट खाली रह जाती हैं तो सेंट्रल यूनिवर्सिटी अपनी खुद की प्रवेश परीक्षा आयोजित कर सकती हैं। या योग्यता परीक्षा के अंकों के आधार पर विद्यार्थियों को प्रवेश दे सकते हैं। गौरतलब है कि सीयूआर में यूजी के 11 इंटिग्रेटेड कोर्स में प्रवेश सीयूसीईटी और कुछ कोर्सेज के लिए सीयूईटी के जरिए प्रवेश दिए जाते हैं। हालांकि पिछले दो सालों में सीयूसीईटी में सीयूआर के लिए 1.25 लाख तक आवेदन आए हैं।

377 डीएलएड में 25970 सीटें उपलब्ध, 1.45 लाख ने करवाया रजिस्ट्रेशन, पिछले साल 1.20 लाख रजिस्ट्रेशन हुए

# डीएलएड में पिछले साल से 25 हजार रजिस्ट्रेशन बढ़े, अब एक सीट पर 6 दावेदार, कॉलेज आवंटन कल

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

शिक्षक भर्ती अध्यापक लेवल वन में लगातार भर्ती और महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण की घोषणा के बाद में अभ्यर्थियों का डीएलएड को लेकर खासा क्रेज नजर आ रहा है। इसके चलते इस साल प्री डीएलएड में पिछले साल से करीब 25 हजार अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। 377 डीएलएड कॉलेजों में 25970 सीटों पर प्रवेश के लिए 1.45 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है। ऐसे में इस साल एक सीट पर करीब 6 दावेदार हैं। प्री डीएलएड काउंसलिंग में 4 अगस्त को कॉलेज आवंटन सूची जारी हो जाएगी। कॉलेज आवंटन के बाद में रिपोर्टिंग का दौर शुरू हो जाएगा।

नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा में डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एग्जाम करवाया। इस साल राज्य स्तर पर 5.96 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। जिसमें से प्रवेश के लिए 1.45 लाख ने 3 हजार रुपए शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन करवाया है। इसके आधार पर पिछले साल से करीब 25 हजार अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया था।

## आरक्षण बढ़ा तो छात्राओं की संख्या में इजाफा

हाल ही में सरकार के शिक्षक भर्ती लेवल वन में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा के चलते प्री डीएलएड में छात्राओं का काफी अधिक उत्साह दिखा। प्री डीएलएड परीक्षा में 6 लाख 45 हजार 454 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इनमें से कुल 3 लाख 51 हजार 886 महिला अभ्यर्थियां (54.52%) एवं 2 लाख 93 हजार 522 पुरुष अभ्यर्थियों (45.47%) तथा 46 अन्य अभ्यर्थी थे। इनमें से 5 लाख 95 हजार 47 अभ्यर्थी एग्जाम देने पहुंचे थे। यानि करीब 92.19 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने एग्जाम दिया।

## कॉलेज में रिपोर्टिंग नहीं करने पर राशि लौटाएंगे

कॉलेज आवंटन से वंचितो के पंजीकरण शुल्क 3000 रुपए में से 100 रुपए काटकर 2900 रुपए राशि लौटा दी जाएगी। संस्था आवंटन के पश्चात नॉन रिपोर्टिंग अभ्यर्थियों के 500 रुपए राशि काटकर 2500 रुपए 45 दिवस में लौटा दिए जाएंगे। प्री डीएलएड में 4 अगस्त को कॉलेज आवंटन के बाद 4 से 11 अगस्त तक 13555 रुपए फीस जमा करवानी होगी। 5 से 12 अगस्त तक आवंटित कॉलेज में दस्तावेज सत्यापन करवाने के बाद में रिपोर्टिंग करनी होगी। 14 से 16 अगस्त तक अपवर्ड मूवमेंट के लिए आवेदन करना होगा। अपवर्ड मूवमेंट में कॉलेज आवंटन 19 अगस्त को होगी। नया सेशन 22 अगस्त से शुरू होगा।

## पहले चरण का अलॉटमेंट कल

*प्री डीएलएड में रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन विकल्प की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण का अलॉटमेंट 4 अगस्त को होगा।*

– डॉ. रवि गुप्ता,
समन्वयक, प्री-डीएलएड,
वीएमओयू कोटा

शिक्षक दिवस • नई गाइडलाइन के साथ जल्द शुरू हो प्रक्रिया

# 1 माह बाकी, शिक्षक सम्मान के चयन के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू नहीं हुई

भास्कर न्यूज़ | जयपुर

शिक्षक दिवस पर 5 सितंबर को राज्यस्तरीय शिक्षक सम्मान समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसमें करीब एक महीने का समय बाकी है, लेकिन सम्मान के लिए शिक्षकों के चयन की प्रक्रिया अब तक प्रारंभ नहीं हुई है। शिक्षा विभाग ने ना तो आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ की है और ना ही इसकी गाइडलाइन जारी की है।

विभाग के अधिकारियों की लापरवाही के कारण इसमें देरी हो रही है। अगर इसके लिए आवेदन की प्रक्रिया देरी से प्रारंभ की गई तो सम्मान के लिए आवेदन करने के इच्छुक शिक्षकों को आनन-फानन में आवेदन करना होगा। इससे बचने के लिए जरूरी है कि विभाग समय रहते आवेदन की प्रक्रिया प्रारंभ करे। ताकि शिक्षक सोच समझकर और पूरी तैयारी के साथ आवेदन कर सके। उधर, शिक्षक सम्मान की चयन प्रक्रिया में कई तरह की विसंगतियां है।

पुरस्कृत शिक्षक फोरम ने इन विसंगतियों को दूर करने की मांग की है। फोरम के महासचिव रामेश्वर प्रसाद शर्मा का कहना है कि पिछली सरकार के समय चयन प्रक्रिया को बदल दिया गया था। इस कारण वर्ष 2019 से लेकर 2023 की चयन प्रक्रिया में कई तरह की विसंगतियां रह गई। पुरस्कार को जिलों में बांट दिया गया। यानी प्रत्येक जिले से 3 के हिसाब से 50 जिलों के 150 शिक्षकों को यह सम्मान दिया जाता है। इससे इस सम्मान की गरिमा गिरी है। इसके बजाय सरकार को राज्यस्तरीय मेरिट बनाकर चयन करना चाहिए। साथ ही सम्मानित होने वाले शिक्षकों की संख्या को भी पूर्व की भांति 62 ही किया जाए। सम्मान की पात्रता के लिए अनुभव को भी पिछली सरकार ने 5 साल कर दिया था। इसके बढ़ाकर 15 साल किया जाए। चयनित शिक्षकों को मंच पर बुलाकर मुख्य अतिथि और अध्यक्ष के हाथों सम्मानित कराया जाए। ना कि पहले ही पुरस्कार बांटकर फिर समारोह के अंत में फोटो सेशन हो।

उन्होंने कहा कि अगर चयन प्रक्रिया की विसंगतियां दूर होगी तो शिक्षक सम्मान की गरिमा भी बढ़ेगी और शिक्षकों को भी राहत मिलेगी।

### बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए 'लाडो' योजना शुरू

# बेटी के जन्म से स्नातक करने तक सात चरण में मिलेंगे एक लाख रुपए

[illegible]।

बेटियों को प्रोत्साहित करने के लिए राज्य सरकार ने लाडो प्रोत्साहन योजना के रूप में नई योजना की शुरूआत की है। इसके तहत बेटी के जन्म से स्नातक करने तक 7 चरण में 1 लाख रुपए मिलेंगे।

महिला अधिकारिता विभाग के अनुसार राज्य सरकार की लेखानुदान घोषणा की पालना में यह योजना शुरू की गई है। यह योजना 1 अगस्त 2024 व इसके बाद जन्म लेने वाली बालिकाओं पर लागू होगी। योजना के तहत बालिका के जन्म से लेकर स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने और 21 वर्ष की उम्र पूरी करने तक सात चरणों में 1 लाख रुपए की राशि दी जाएगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए जाति, धर्म, वर्ग, आय सीमा जैसे कोई बंधन नहीं रखे गए हैं। इसके लिए किसी भी प्रकार के आवेदन का प्रावधान नहीं रखा गया है। संपूर्ण भुगतान 7 किश्तों के रूप में डीबीटी के माध्यम से ऑनलाइन किया जाएगा। उन्होंने बताया, राजकीय विद्यालय के अलावा निजी विद्यालयों में पढ़ने वाली बालिकाओं को भी योजना का लाभ दिया जाएगा। यह योजना महिला अधिकारिता विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा शिक्षा विभाग के समन्वय से लागू की जाएगी।

योजना का प्रभाव इस योजना की क्रियान्वयन से बालिका के जन्म के प्रति सकारात्मक सोच एवं बालिका का समग्र विकास सुनिश्चित होगा। बालिकाओं के पालन, पोषण, शिक्षण व स्वास्थ्य के मामले में होने वाले लिंग, भेद पर रोक लगेगी। बालिकाओं का बेहतर शिक्षण एवं स्वास्थ्य सुनिश्चित होगा तथा संस्थागत प्रसव को बढ़ावा मिलने के साथ मातृ मृत्यु दर में कमी आएगी। इसके अलावा बालिका शिशु मृत्यु दर में भी कमी आएगी और शिशु लिंगानुपात में सुधार होगा। बालिकाओं का विद्यालयों में नामांकन एवं ठहराव सुनिश्चित होगा।

## योजना के तहत देय राशि

पात्र चिकित्सा संस्थानों में बालिका के जन्म पर 2500 एवं आयु एक वर्ष पूर्ण होने एवं समस्त टीकाकरण पर 2500 तथा राजकीय विद्यालय, राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में बालिका के प्रथम कक्षा में प्रवेश लेने पर 4000 रुपए दिए जाएंगे । राजकीय विद्यालय, राज्य सरकार से मान्यता प्राप्त निजी विद्यालय में बालिका के कक्षा 6 में प्रवेश लेने पर 5000 एवं कक्षा 10 में प्रवेश लेने पर 11000 तथा कक्षा 12 में प्रवेश लेने पर 25000 एवं सरकार से मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थाओं से स्नातक परीक्षा उत्तीर्ण करने एवं 21 वर्ष की आयु पूर्ण करने पर 50 हजार की सहायता राशि मिलेगी।

# युवा-शिक्षा-अवसर



**भास्कर ग्राउंड रिपोर्ट**: एजुकेशन सिटी के सरकारी स्कूलों के हालात... प्रेक्टिकल तक अन्य स्कूलों में हो रहे

## जिले के 340 सरकारी स्कूलों में से 49 में ही साइंस; इनमें भी हालात ये कि कहीं स्टूडेंट्स कम तो कहीं स्टाफ और लैब नहीं

प्रवीण जैन | कोटा

इंजीनियरिंग और मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी करवाने में कोचिंग सिटी कोटा की देशभर में खास पहचान है। लेकिन, सरकारी स्कूलों में साइंस विषय की वेकट्री बनी हुई है। हालत है कि 49 सरकारी स्कूलों में साइंस विषय है। लेकिन, इनमें न पर्याप्त स्टाफ है, न ही लैब की सुविधाएं हैं। प्रेक्टिकल के लिए दूसरे स्कूलों पर निर्भर हैं। स्कूल के पोर्टल पर स्टाफ का नाम तक नहीं।

कक्षा 12वीं में साइंस विषय के रिजल्ट में चौंकाने वाले नामांकन नजर आए। सोगरिया सीनियर सैकंडरी स्कूल में साइंस विषय में एक, गवर्नमेंट सीनियर सैकंडरी स्कूल मोरपा में दो और गवर्नमेंट सीनियर सैकंडरी स्कूल कैथूदा में केवल दो ही स्टूडेंट्स का नामांकन रहा है। वहीं, 15 से कम नामांकन में बड़गांव, गवर्नमेंट सीनियर सैकंडरी स्कूल नयागांव में 6, मोड़क गांव में 10, चेचट में 10 और देवलीकला में 10 नामांकन हैं।



गवर्नमेंट स्कूल सोगरिया की लैब बनी गोदाम, स्कूल के अन्य सामान से भरी है।

• **केस 1: राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल सोगरिया**: यहां 495 स्टूडेंट्स का नामांकन है। स्कूल में मैथ्स है। एक लैब है लेकिन निर्माण के चलते उपकरण बॉक्स में रखे हुए हैं। 11वीं में 7 बच्चे साइंस में है। करीब 90 लाख रुपए की लागत से स्कूल परिसर में चार कमरे बनाए जा रहे हैं, जिनमें एक लैब भी शामिल है।

• **केस 2: नयागांव सीनियर सैकंडरी स्कूल**: 1333 विद्यार्थियों का नामांकन है। बोर्ड परीक्षा में साइंस में 6 स्टूडेंट्स का नामांकन था। यहां बायोलॉजी है लेकिन लैब नहीं है। विद्यार्थी दूसरे स्कूल में प्रेक्टिकल के लिए जाते हैं। अब लैब तो बन गई है लेकिन लोकार्पण नहीं हुआ है। उपकरण भी नहीं आए हैं। यहां दूसरे स्कूल से स्टाफ की सैलरी उठाई जा रही है।

• **केस 3: राजकीय सीनियर सैकंडरी स्कूल नयापुरा बाग**: यहां नामांकन जारी है लेकिन, मुख्य मार्ग चौड़ा करने के लिए लैब भवन को आधा-अधूरा तोड़ दिया है। यहां केमिस्ट्री लैब को तोड़ दिया गया है। केमिस्ट्री लैब को पास में बनी फिजिक्स लैब में शिफ्ट किया गया हैं। भवन तोड़ने से यहां प्रेक्टिकल की समस्या बनी है।

### सीधी बात



केके शर्मा, डीईओ, माध्यमिक मुख्यालय

**Q. 12वीं कक्षा में साइंस विषय वाले स्कूलों में लैब की सुविधा नहीं है, विद्यार्थी प्रेक्टिकल के लिए दूसरे स्कूलों जाते हैं, क्या समाधान है?**

-स्कूलों में लैब का निर्माण जारी है। इसी महीने लोकार्पण कर शाला विकास आदि बजट से उपकरण व्यवस्था कर समाधान करवाया जाएगा।

**Q. साइंस विषय के स्टाफ की जानकारी पोर्टल पर नहीं हैं? नए सेशन में क्या व्यवस्था रहेगी?**

-पद स्वीकृति को लेकर प्रक्रिया चल रही है।

**Q. साइंस विषय वाले स्कूलों में जहां नामांकन कम हैं वहां समाधान क्या है?**

-यह गंभीर मामला है। जहां 10 से कम नामांकन है। वहां नामांकन बढ़ोतरी के निर्देश दिए गए हैं। नामांकन नहीं बढ़ा तो नोटिस जारी करेंगे।

### भास्कर एक्सपर्ट



मनोज शर्मा, रिटायर्ड वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक

सरकारी स्कूलों में साइंस के प्रति रुझान के लिए लैब को अपडेट करना जरूरी है। नियमित प्रेक्टिकल होना चाहिए। स्कूलों को लैब सहायक नहीं मिलते हैं। फिजिक्स लैब में बिजली, ध्वनि उपकरण जरूरी हैं। विकल्प में बैट्री, सोटिंग व्यवस्था, चौड़ी टेबल, अमीटर, वोल्टमीटर आदि होना चाहिए। बायोलॉजी में माइक्रोस्कोप, स्लाइड, लैंस, स्फोटिंग आदि होना चाहिए। केमिस्ट्री लैब में गैस-चूल्हा, बिजली की हीट प्लेट और केमिकल आदि होना चाहिए।

## प्रतिभावान विद्यार्थियों को जल्द वितरित होंगे टैबलेट

एजुकेशन रिपोर्टर | कोटा

शिक्षा विभाग प्रतिभावान विद्यार्थियों को जल्द टैबलेट का वितरण करेगा। विभाग को एक-दो दिन में इनकी सप्लाई होगी। जिसके बाद इनका जल्द वितरण होगा। विद्यार्थियों को टैबलेट के साथ तीन साल का फ्री इंटरनेट भी मिलेगा। पिछले दिनों संस्था प्रधानों से इसके विकल्प मांगे गए थे। जिसमें विद्यार्थियों से पूछा था कि उन्हें कौन सी कंपनी की इंटरनेट सेवा चाहिए। डीईओ माध्यमिक मुख्यालय केके शर्मा ने बताया कि इसकी सप्लाई एक-दो दिन में होने पर जल्द इनका वितरण होगा।

## पर्यवेक्षक (महिला) भर्ती परीक्षा की आंसर-की जारी

कोटा | कर्मचारी चयन बोर्ड की पर्यवेक्षक (महिला) सीधी भर्ती-2024 का मास्टर प्रश्न पत्र और प्रारंभिक आंसर-की जारी कर दी गई है। बोर्ड की अधिकृत वेबसाइट www.rsmssb.rajasthan.gov.in पर विजिट कर विस्तृत जानकारी ले सकते हैं। इसमें यदि किसी अभ्यर्थी को उत्तर के संबंध में आपत्ति हो तो निर्धारित शुल्क के साथ 6 से 8 अगस्त के मध्य रात्रि तक बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन निर्देशानुसार दर्ज करवा सकते हैं।

## NIT-IIIT CSB काउंसलिंग की रजिस्ट्रेशन आज और, च्वॉइस फिलिंग की तारीख 4 अगस्त तक बढ़ी

### 13 हजार 466 सीटों के लिए काउंसलिंग जारी

एजुकेशन रिपोर्टर | कोटा

देश के इंजीनियरिंग संस्थानों की खाली 13 हजार 466 सीटों के लिए सीएसएबी से दो स्पेशल राउंड में काउंसलिंग जारी है। सीएसएबी ने काउंसलिंग रजिस्ट्रेशन एवं च्वाइस फिलिंग की तिथि बढ़ा दी है। स्टूडेंट्स 3 अगस्त दोपहर 12 बजे तक रजिस्ट्रेशन एवं 4 अगस्त सुबह 9 बजे तक कॉलेज च्वॉइस भर कर सकते है। पहला सीट आवंटन 5 अगस्त को सुबह 10 बजे जारी किया जाएगा।

जिन स्टूडेंट्स ने जोसा काउंसलिंग में एनआईटी-ट्रिपलआईटी की च्वॉइस फिलिंग में कोई भी गलती कर दी थी तो उसमें सुधार के लिए उनके लिए यह बेहतर मौका है। सीएसएबी काउंसलिंग में स्टूडेंट्स को सारे एनआईटी-ट्रिपलआईटी सहित 98 संस्थानों की कुल 13 हजार 466 सीटें के लिए 540 कॉलेज ब्रांच च्वॉइसेज भरने का विकल्प दिया गया है। इसमें 32 एनआईटी की 299 ब्रांच च्वॉइसेज, 26 ट्रिपलआईटी की 95 ब्रांच च्वॉइसेज एवं 37 जीएफटीआई की 173 ब्रांच च्वॉइसेज शामिल हैं।

**यह रखें विशेष ध्यान**: कॅरियर काउंसलिंग एक्सपर्ट अमित आहूजा के अनुसार स्पेशल राउंड काउंसलिंग में वे स्टूडेंट्स, जिन्हें जोसा काउंसलिंग में किसी सीट का आवंटन नहीं हुआ है। उनके साथ-साथ वे सभी स्टूडेंट्स भी भाग ले सकते हैं जिन्होंने पहले जोसा काउंसलिंग में भाग लिया और कॉलेज आवंटन के बाद प्रवेश फीस जमा कर दी है। वे स्टूडेंट्स, जिन्होंने आवंटित सीट छोड़ दी है। वे सभी पार्टिसिपेट के पात्र होंगे। स्पेशल राउंड च्वॉइस फिलिंग में विद्यार्थी अधिकाधिक कॉलेज च्वॉइसेज भरें। जिन्हें जोसा काउंसलिंग में किसी भी कॉलेज में सीट आवंटन हुआ था। यदि वो स्पेशल राउंड में भाग ले रहे हैं, उन्हें मिली सीट से बेहतर सीट ना मिलने पर उनकी जोसा काउंसलिंग में आवंटित कॉलेज सीट वापस आवंटित कर दी जाएगी।

## ग्रामीण डाक सेवक भर्ती का नोटिफिकेशन जारी

कोटा | ग्रामीण डाक सेवक भर्ती 2024 का नोटिफिकेशन जारी कर दिया गया है। इसमें ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि 5 अगस्त है। अभ्यर्थी अधिकृत वेबसाइट से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। यह पदों की संख्या राज्य, लैंग्वेज और कैटेगरी के अनुसार अलग-अलग निर्धारित की गई है।

## रेलवे में जेईएन पदों के लिए आवेदन 29 तक

कोटा | रेलवे रिक्रूटमेंट बोर्ड में जूनियर इंजीनियर समेत विभिन्न पदों पर भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। 29 अगस्त आवेदन की अंतिम तिथि है। संबंधित अभ्यर्थी अधिकृत वेबसाइट पर विजिट कर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

## वीएमओयू: प्री-बीपीएड व प्री-एमपीएड के आवेदन आज से, शुल्क 1000 रुपए

एजुकेशन रिपोर्टर | कोटा

वर्धमान महावीर खुला विवि 2 हजार से अधिक सीटों के लिए प्री-बीपीएड एवं प्री-एमपीएड परीक्षा करवाएगा। इसके आवेदन शनिवार से शुरू होंगे। परीक्षा शुल्क एक हजार रुपए तय किया गया है। वीएमओयू के कुलपति प्रो. कैलाश सोडाणी ने बताया कि यह परीक्षा कोटा सहित जयपुर, जोधपुर, बीकानेर, उदयपुर अजमेर एवं भरतपुर संभाग मुख्यालय पर होगी। परीक्षा समन्वयक डॉ. कपिल गौतम ने बताया कि आवेदन की अंतिम तिथि 10 अगस्त है। प्रवेश परीक्षा 8 सितंबर को होगी। अभ्यर्थी अंतिम तिथि से पहले अपना आवेदन ऑनलाइन जमा करा दें। सह-समन्वयक डॉ. नीरज अरोडा ने बताया कि अभ्यर्थी प्री बीपीएड परीक्षा के लिए pbpedvmou24.com वेबसाइट एवं प्री. एमपीएड. परीक्षा के लिए pmpedvmou24.com वेबसाइट देखें। दोनों परीक्षाओं के आवेदन शुल्क 1000 रूपए ई-मित्र अथवा डेबिट या क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग और यूपीआई से जमा करवा सकते हैं।

**तीन चरणों में होगी प्रक्रिया**: परीक्षा में चयन प्रक्रिया तीन चरणों में होगी। पहले चरण में प्रवेश प्रक्रिया होगी। इसमें 100 प्रश्न आएंगे। डेढ़ घंटे की परीक्षा होगी। दूसरे चरण में जो प्रवेश परीक्षा में सफल है। उनकी फिजिकल परीक्षा होगी। इसके बाद नियमानुसार तीसरे चरण में मापदंड के अनुसार मेरिट जारी होगी।

# वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा

## अधिसूचना – 01/2024

## प्री.बी.पी.एड./ प्री.एम.पी.एड. परीक्षा – 2024

राजस्थान राज्य में स्थित विभिन्न शारीरिक शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालयों/विश्वविद्यालयों/संस्थानों में सत्र 2024-25 हेतु बी.पी.एड. पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु राज्य सरकार के नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों से वेबसाइट pbpedvmou24.com पर तथा एवं एम.पी.एड. पाठ्यक्रम में सत्र 2024-25 में प्रवेश हेतु राज्य सरकार के नियमानुसार पात्र अभ्यर्थियों से वेबसाइट pmpedvmou24.com पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं। इस सम्बन्ध में अभ्यर्थी से अपेक्षा है कि आवेदन से पूर्व उक्त वेबसाइट पर उपलब्ध दिशा-निर्देशों का अध्ययन कर लेवें।

| क्र.सं. | विवरण | महत्त्वपूर्ण तिथियाँ |
|---|---|---|
| 1. | आवेदन प्रारम्भ करने की तिथि | 03.08.2024 |
| 2. | आवेदन की अंतिम तिथि | 10.08.2024 |
| 3. | प्रवेश परीक्षा तिथि | 08.09.2024 (रविवार) |

प्रवेश परीक्षा शुल्क रुपये 1000/-

Email ID - bpedmped2024@vmou.ac.in
मो. 8302622404

समन्वयक
प्री.बी.पी.एड./ प्री.एम.पी.एड. परीक्षा 2024
व.म.खु.वि.वि. कोटा

# युवा-शिक्षा-अवसर



377 डीएलएड में 25970 सीटें उपलब्ध, 1.45 लाख ने करवाया रजिस्ट्रेशन, पिछले साल 1.20 लाख रजिस्ट्रेशन हुए

## डीएलएड में पिछले साल से 25 हजार रजिस्ट्रेशन बढ़े, अब एक सीट पर 6 दावेदार, कॉलेज आवंटन कल

एजुकेशन रिपोर्टर | जोधपुर

शिक्षक भर्ती अध्यापक लेवल वन में लगातार भर्ती और महिलाओं को 50 फीसदी आरक्षण की घोषणा के बाद में अभ्यर्थियों का डीएलएड को लेकर खासा क्रेज नजर आ रहा है। इसके चलते इस साल प्री डीएलएड में पिछले साल से करीब 25 हजार अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया है। 377 डीएलएड कॉलेजों में 25970 सीटों पर प्रवेश के लिए 1.45 लाख से अधिक स्टूडेंट्स ने आवेदन किया है। ऐसे में इस साल एक सीट पर करीब 6 दावेदार हैं। प्री डीएलएड काउंसलिंग में 4 अगस्त को कॉलेज आवंटन सूची जारी हो जाएगी। कॉलेज आवंटन के बाद में रिपोर्टिंग का दौर शुरू हो जाएगा।

नोडल एजेंसी वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय कोटा में डीएलएड पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए एग्जाम करवाया। इस साल राज्य स्तर पर 5.96 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए। जिसमें से प्रवेश के लिए 1.45 लाख ने 3 हजार रुपए शुल्क देकर रजिस्ट्रेशन करवाया है। इसके आधार पर पिछले साल से करीब 25 हजार अधिक स्टूडेंट्स ने रजिस्ट्रेशन करवाया था।

### आरक्षण बढ़ा तो छात्राओं की संख्या में इजाफा

हाल ही में सरकार के शिक्षक भर्ती लेवल वन में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण की घोषणा के चलते प्री डीएलएड में छात्राओं का काफी अधिक उत्साह दिखा। प्री डीएलएड परीक्षा में 6 लाख 45 हजार 454 अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन करवाया था। इनमें से कुल 3 लाख 51 हजार 886 महिला अभ्यर्थियों (54.52%) एवं 2 लाख 93 हजार 522 पुरुष अभ्यर्थियों (45.47%) तथा 46 अन्य अभ्यर्थी थे। इनमें से 5 लाख 95 हजार 47 अभ्यर्थी एग्जाम देने पहुंचे थे। यानि करीब 92.19 प्रतिशत अभ्यर्थियों ने एग्जाम दिया।

### कॉलेज में रिपोर्टिंग नहीं करने पर राशि लौटाएंगे

कॉलेज आवंटन से वंचितों के पंजीकरण शुल्क 3000 रुपए में से 100 रुपए काटकर 2900 रुपए राशि लौटा दी जाएगी। संस्था आवंटन के पश्चात नॉन रिपोर्टिंग अभ्यर्थियों के 500 रुपए राशि काटकर 2500 रुपए 45 दिवस में लौटा दिए जाएंगे। प्री डीएलएड में 4 अगस्त को कॉलेज आवंटन के बाद 4 से 11 अगस्त तक 13555 रुपए फीस जमा करवानी होगी। 5 से 12 अगस्त तक आवंटित कॉलेज में दस्तावेज सत्यापन करवाने के बाद में रिपोर्टिंग करनी होगी। 14 से 16 अगस्त तक अपवर्ड मूवमेंट के लिए आवेदन करना होगा। अपवर्ड मूवमेंट में कॉलेज आवंटन 19 अगस्त को होगी। नया सेशन 22 अगस्त से शुरू होगा।

### पहले चरण का अलॉटमेंट कल

*प्री डीएलएड में रजिस्ट्रेशन और ऑनलाइन विकल्प की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। प्रथम चरण का अलॉटमेंट 4 अगस्त को होगा।*

- डॉ. रवि गुप्ता, समन्वयक, प्री-डीएलएड, वीएमओयू कोटा

### अगस्त कैलेंडर

| | |
|---|---|
| » सीएपीएफ एग्जाम | 4 अगस्त |
| » लिपिक ग्रेड-2 परीक्षा | 11 अगस्त |
| » नीट यूजी काउंसलिंग | 14 अगस्त से |
| » नीट पीजी | 11 अगस्त |
| » यूजीसी नेट | 21 अगस्त से |
| » गेट की फॉर्म फिलिंग | 24 अगस्त से |

## जेएनवीयू : बीएड के एग्जाम आज से

### अग्निवीर भर्ती अभ्यर्थियों की परीक्षा का अलग टाइम टेबल

जोधपुर| जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय जोधपुर एवं संभाग के जोधपुर, फलोदी, पाली, जालोर, सांचौर, बाड़मेर, बालोतरा तथा जैसलमेर जिलों के सम्बद्ध कॉलेज के वर्ष 2024 के बीएड प्रथम वर्ष एवं द्वितीय वर्ष (दो वर्षीय पाठ्यक्रम) की परीक्षाएं 3 अगस्त से शुरू होगी। बीए बीएड व बीएससी बीएड द्वितीय एवं चतुर्थ वर्ष की परीक्षाएं 13 अगस्त से तथा बीए बीएड/बीएससी बीएड प्रथम एवं तृतीय वर्ष की परीक्षाएं 14 अगस्त से शुरू होना प्रस्तावित है। वहीं इंडियन आर्मी की अग्निवीर भर्ती के अभ्यर्थियों के लिए अलग से परीक्षाएं 5 अगस्त से शुरू की जाएगी।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. जीएस शेखावत ने बताया कि जो विवि के परीक्षार्थी इंडियन आर्मी अग्निवीर भर्ती में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थियों के प्रार्थना पत्र के आधार पर उनकी परीक्षाएं 5 अगस्त से शुरू की जाएंगी। प्रो. शेखावत ने बताया कि केवल उन्हीं परीक्षार्थियों के प्रवेश पत्र ऑनलाइन जारी किए जाएंगे, जिन्होंने समय पर परीक्षा आवेदन की हार्डकॉपी (प्रिंट कॉपी) सम्बन्धित संग्रहण केंद्र या महाविद्यालय पर जमा करवाकर ऑनलाइन वेरिफिकेशन करवाया था।

## जेएनवीयू : यूजी व पीजी द्वितीय सेमेस्टर के एग्जाम फॉर्म की तिथि 5 तक बढ़ी

जोधपुर| जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय एवं संभाग के जोधपुर, पाली, जालोर, बाड़मेर व जैसलमेर जिलों के संबद्ध सभी महाविद्यालयों के नियमित एवं स्वयंपाठी स्नातक एवं स्नातकोत्तर द्वितीय सेमेस्टर के विभिन्न पाठ्यक्रमों व परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थियों के परीक्षा आवेदन ऑनलाइन भरने की तिथि 5 अगस्त तक बढ़ाई गई है।

परीक्षा नियंत्रक प्रो. जीएस शेखावत ने बताया कि उक्त तिथि के पश्चात परीक्षा आवेदन की तिथि में बढ़ोतरी नहीं की जाएगी। वंचित विद्यार्थियों को बिना अंतिम तिथि का इंतजार किए परीक्षा आवेदन पत्र ऑनलाइन भरना चाहिए।

प्रो. शेखावत ने बताया कि परीक्षार्थियों को परीक्षा आवेदन की हार्ड कॉपी संबंधित विभाग, संकाय या महाविद्यालय में विवि द्वारा निर्धारित तिथि तक अनिवार्य रूप से जमा करवानी होगी।

## आरपीएससी : 24 पदों का संशोधित वर्गीकरण जारी

जोधपुर| राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक खनिज अभियंता 4 (एएमई) भर्ती 2024 का संशोधित वर्गीकरण जारी किया गया। इस भर्ती का विज्ञापन आयोग ने पूर्व में भू-वैज्ञानिक एवं सहायक खनि अभियंता भर्ती-2024 शीर्षक से जारी किया था। आयोग सचिव ने बताया कि भू-वैज्ञानिक एवं सहायक खनि. अभियंता के पदों पर भर्ती के लिए 10 जुलाई को विज्ञापन जारी किया था। इसके तहत एएमई के कुल 24 पद विज्ञापित किए थे। विभाग द्वारा एएमई के पदों के वर्गीकरण में बदलाव किया गया।

## नीट पीजी : एग्जाम सिटी स्लिप रजिस्टर्ड ई-मेल पर जारी

जोधपुर| नेशनल बोर्ड ऑफ एग्जामिनेशन इन मेडिकल साइंसेज ने 11 अगस्त को प्रस्तावित नीट पीजी एग्जाम सिटी स्लिप जारी कर दी है। परीक्षार्थी अपनी रजिस्टर्ड ई-मेल आईडी पर परीक्षा सिटी स्लिप डाउनलोड कर सकेंगे। वहीं परीक्षार्थियों को एसएमएस से भी सूचना भेजी गई है। स्टूडेंट्स को फिलहाल केवल शहर की सूचना जारी की गई है, इसके बाद 8 अगस्त को एडमिट कार्ड जारी किया जाएगा।

नीट पीजी के लिए छात्रों को परीक्षा केंद्रों के लिए 185 शहरों के विकल्प दिए गए थे। छात्रों को पत्राचार पते के राज्य के भीतर उपलब्ध शहरों में से परीक्षा शहरों के चार विकल्प दर्ज करने थे। इसके आधार पर अधिकतर स्टूडेंट्स को एग्जाम सिटी अलॉट की गई है। कई स्टूडेंट्स को काफी देर एग्जाम सिटी अलॉट की गई है। इसको लेकर स्टूडेंट्स में काफी नाराजगी बनी हुई है। स्टूडेंट्स ने ई-मेल से आपत्ति भी दर्ज करवाई है। अब तक एनबीएएमसी की ओर से कोई जवाब नहीं दिया गया है।

## एमबीए व एमसीए में दाखिले की प्रक्रिया नौ से होगी शुरू

जोधपुर| एमबीए व एमसीए कॉलेजों में प्रथम वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया 9 अगस्त से शुरू होगी। बाहरी अभ्यर्थियों के लिए केन्द्रीयकृत प्रवेश प्रक्रिया आरमेप और आरएमकेप के जरिए शुरू होंगे। एमबीए में प्रवेश के लिए आरमेप-2024 की वेबसाइट www.rmap24.com पर और एमसीए के लिए आरएमकेप-2024 की वेबसाइट www.rmcaap24.com पर ओटीपी आधारित रजिस्ट्रेशन करवाकर 1770 रुपए शुल्क के साथ आवेदन करना होगा।

## सीएसएबी स्पेशल राउंड काउंसलिंग में चॉइस फिलिंग की अंतिम तिथि आज

### NIT-IIIT सहित 98 शीर्ष इंजीनियरिंग कॉलेजों की काउंसलिंग में रजिस्ट्रेशन समाप्त

जोधपुर| देश की एनआईटी-ट्रिपलआईटी सहित 98 शीर्ष इंजीनियरिंग संस्थानों की खाली सीटों के लिए सीएसएबी की स्पेशल राउंड काउंसलिंग में रजिस्ट्रेशन की प्रक्रिया समाप्त हो गई। 3 अगस्त को शाम 5 बजे तक कॉलेज चॉइस फीलिंग की जा सकेगी। इसके बाद में पहला सीट आवंटन 5 अगस्त को जारी किया जाएगा। जोसा काउंसलिंग में कुल 13466 सीटें खाली रहीं। इनमें कुछ सीटों का तो आवंटन नहीं हुआ था। वहीं कई सीटों पर स्टूडेंट्स ने विड्रॉल कर लिया। ऐसे में सीएसएबी काउंसलिंग में खाली 13466 सीटों में से जेंडर न्यूट्रल पूल से 11769 और फिमेल पूल से 1697 सीटें हैं। इनमें एनआईटी-ट्रिपलआईटी सहित 98 संस्थानों की 567 कॉलेज ब्रांच चॉइस भरने का विकल्प दिया गया है। इसमें 32 एनआईटी की 299 ब्रांच चॉइसेज, 26 ट्रिपलआईटी की 95 ब्रांच चॉइसेज एवं 37 जीएफटीआई की 173 ब्रांच चॉइसेज शामिल हैं।

ज्यादा से ज्यादा चॉइस भरना फायदमेंद : एक्सपर्ट की मानें तो सीएसएबी के बाद एनआईटी-ट्रिपलआईटी के लिए अन्य कोई प्रवेश प्रक्रिया नहीं कराई जाएगी। ऐसे में स्टूडेंट्स को स्पेशल राउंड चॉइस फीलिंग में अपनी रुचि के अनुसार ज्यादा से ज्यादा कॉलेज चॉइस भरनी चाहिए। वेबसाइट पर जारी सीट मैट्रिक्स अनुमानित है, अमूमन तौर पर इससे अधिक सीटें भी खाली रहती है। इसके अलावा पूर्व में मिली जोसा काउंसलिंग की सीट से बेहतर के विकल्प को ही चुनना चाहिए।

**यह है खाली सीटों का मैट्रिक्स**

**32** NIT में कुल 5118 सीटें

**26** IIIT की कुल 2534 सीटें

**35** GFTI में कुल 5814 सीटें

## आईबीपीएस : 896 स्पेशलिस्ट ऑफिसर भर्ती का नोटिफिकेशन जारी, आवेदन 21 तक

जोधपुर| इंस्टिट्यूट ऑफ बैंकिंग पर्सनेल सिलेक्शन ने देश के 11 सरकारी बैंकों में छह विभाग आईटी अधिकारी, विपणन अधिकारी, कृषि क्षेत्र अधिकारी, राजभाषा अधिकारी, कानून अधिकारी, मानव संसाधन/कार्मिक अधिकारी में 896 स्पेशलिस्ट ऑफिसर की भर्ती के लिए अधिसूचना जारी की है। इन पदों के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है, अंतिम तिथि 21 अगस्त है। अभ्यर्थियों की न्यूनतम योग्यता स्नातक है। 20 से 28 वर्ष तक की आयु के अभ्यर्थी आवेदन कर सकेंगे। आरक्षित वर्ग को अधिकतम आयु में छूट का फायदा भी दिया जाएगा। एससी, एसटी व पीडब्ल्यूबीडी वर्ग के अभ्यर्थियों को 175 रुपए शुल्क देना होगा। ओबीसी व सामान्य वर्ग के अभ्यर्थियों का आवेदन शुल्क 850 रुपए तय किया है। अभ्यर्थी www.ibps.in वेबसाइट पर आवेदन कर सकते हैं।

नीट रद्द नहीं की... क्योंकि व्यवस्थागत गड़बड़ी नहीं मिली

# एनटीए ढुलमुल रवैया बंद करे, इसकी खामियां इसी साल दूर हों : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली | सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी रद्द नहीं करने के 23 जुलाई के आदेश के विस्तृत कारणों के बारे में शुक्रवार को बताया। कोर्ट ने कहा, ऐसी सामग्री नहीं मिली, जो साबित करे कि पेपर लीक बड़े पैमाने पर हुआ था। इसमें व्यवस्थागत गड़बड़ी के प्रमाण नहीं मिले। लीक पटना व हजारीबाग तक सीमित था। दोबारा परीक्षा के आदेश से 23 लाख छात्रों को गंभीर नतीजे भुगतने पड़ेंगे। शैक्षणिक कार्यक्रम बाधित होगा। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा, एनटीए को ढुलमुल रवैया बंद करना चाहिए, क्योंकि यह छात्रहित में नहीं है। उन्होंने केंद्र बदलने की अनुमति देने और नए रजिस्ट्रेशन कराने के लिए 'पीछे का दरवाजा' खोलने के लिए एनटीए की आलोचना की। गलत प्रश्नपत्र देने के कारण हुई समय की हानि की भरपाई के लिए 1,563 स्टूडेंट को अनुग्रह अंक देने के फैसले को भी अनुचित ठहराया। हालांकि, बाद में फैसला वापस ले लिया गया था। 3 जजों (सीजेआई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला, जस्टिस मनोज मिश्रा) ने कहा, एनटीए की खामियां नजरअंदाज नहीं कर सकते। शेष | पेज 11

सरकार और एनटीए को निर्देश

# नीट यूजी परीक्षा के लिए मानक संचालन प्रक्रिया तैयार करें: सुप्रीम कोर्ट

एजेंसी/नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने स्नातक स्तर की मेडिकल और संबंधित अन्य पाठ्यक्रमों में दाखिले के लिए आयोजित होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट-यूजी) के प्रश्नपत्र बनाने से लेकर परीक्षा केंद्र पर सुरक्षित पहुंचाने, सुरक्षित रखने, संबंधित परीक्षार्थियों को समय पर देने और कड़ी जांच सुनिश्चित करने के लिए शुक्रवार को केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) को एक मानक संचालन प्रक्रिया बनाने का निर्देश दिया।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने पांच मई 2024 को आयोजित नीट-यूजी में गड़बड़ी समेत अन्य अनियमितताओं के खिलाफ दायर याचिकाओं पर विस्तृत फैसला सुनाते हुए यह निर्देश दिया।

### परीक्षा में कोई प्रणालीगत उल्लंघन नहीं हुआ

पीठ ने शुक्रवार को अपने विस्तृत फैसले में कहा कि उपलब्ध तथ्यों से पता चलता कि परीक्षा में कोई प्रणालीगत उल्लंघन नहीं हुआ कि परीक्षा रद्द कर दोबारा कराने का आदेश दिया जाए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने नीट-यूजी परीक्षा आयोजित करने के लिए निष्पक्ष, पूर्णतः सुरक्षित, पारदर्शी और मजबूत प्रणाली सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पीठ ने धोखाधड़ी को रोकने के लिए विभिन्न चरणों में पहचान जांच बढ़ाने और तकनीकी नवाचारों का भी आदेश दिया।

### राधाकृष्णन विशेषज्ञ समिति का दायरा बढ़ाया

शीर्ष अदालत ने नीट-यूजी 2024 के प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने और अन्य अनियमितताओं की जांच के लिए केंद्र सरकार द्वारा गठित के राधाकृष्णन विशेषज्ञ समिति के दायरे को भी बढ़ाते हुए कहा कि समिति को एक मजबूत परीक्षा प्रक्रिया के लिए सात चरणों को शामिल करना चाहिए। सात चरणों में मूल्यांकन समिति, मानक संचालन प्रक्रिया, परीक्षा केंद्र आवंटित करने की प्रक्रिया की समीक्षा, बढ़ी हुई पहचान जांच के लिए प्रक्रिया, परीक्षा केंद्रों की सीसीटीवी निगरानी, पेपर में छेड़छाड़ न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए सुरक्षित लॉजिस्टिक प्रदाता और एक मजबूत शिकायत निवारण तंत्र की सिफारिश करना शामिल है। पीठ ने यह भी कहा कि विशेषज्ञ समिति को परीक्षा प्रणाली की कमियों को दूर करना चाहिए।

### खुले ई-रिक्शा के बजाय लॉक वाले वाहनों में प्रश्न पत्र भेजें

शीर्ष अदालत ने प्रश्नपत्र केंद्रों तक पहुंचाने के लिए खुले ई-रिक्शा के बजाय वास्तविक समय के लॉक वाले बंद वाहनों का उपयोग करने की व्यवहार्यता पर विचार करने का भी निर्देश दिया। पीठ ने कहा कि यदि किसी छात्र को फैसले से किसी भी प्रकार की व्यक्तिगत शिकायत है तो वह संबंधित उच्च न्यायालयों में जाने के लिए स्वतंत्र होगा।



### सिर्फ पटना और हजारीबाग में ही लीक हुआ पेपर

पीठ ने इस बात पर भी जोर दिया कि वह इस निष्कर्ष पर पहुंची है कि प्रश्न पत्र सार्वजनिक होने की घटनाएं केवल पटना और हजारीबाग तक ही सीमित थीं। प्रश्नपत्रों का कोई व्यवस्थित तौर पर दुरुपयोग नहीं हुआ है।

उधर, राज्यसभा में बोले नड्डा

## नीट मजबूत प्रणाली

### पहले संस्थान मनमाने तरीके से बेचते थे सीटें

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जे. पी. नड्डा ने शुक्रवार को राज्यसभा में कहा कि चिकित्सा शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए राष्ट्रीय प्रवेश सह पात्रता परीक्षा (नीट) एक मजबूत प्रणाली है जिसका समाज के निचले तबके को बहुत लाभ हुआ है। नड्डा ने सदन में "शिक्षा को समवर्ती सूची से हटाकर संविधान की सातवीं अनुसूची के तहत राज्यों का विषय बनाने को लेकर पेश निजी संकल्प' की चर्चा में हस्तक्षेप करते हुए कहा कि देश में शिक्षा की जबरदस्त प्रणाली है जिससे केंद्र और राज्य के बीच सामंजस्य बना रहता है। उन्होंने कहा कि नीट एक प्रणाली बेहतर है और बहुत ही कम देशों में ऐसी व्यवस्था है। नीट के मामले में कुछ बातें समझने की जरूरत है। देश की आवश्यकताओं को समझना चाहिए। नीट से पहले चिकित्सा शिक्षा व्यवसायिक गतिविधियों का बड़ा अड्डा बन गया था। यह एक धंधा बन गई थी। चिकित्सा शिक्षण संस्थानों में प्रवेश के लिए देशभर में जाना पड़ता था। माता-पिता अपने बच्चों के साथ एक संस्थान से दूसरे संस्थान में दौड़ते थे जिसके कारण धन और समय की बर्बादी होती थी। अभिभावकों और बच्चों की दुर्गति हो रही थी। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सभी शिक्षण संस्थान प्रवेश का आयोजन करते थे और पात्रता सूची मात्र 45 मिनट के लिए लगाकर हटा दी जाती थी और कह दिया जाता था कि उम्मीदवार नहीं पहुंचा। इसके बाद सीटें प्रबंधन अपने मनमाने तरीके से भरता था। रेडियोलॉजी की सीट 12 करोड़ से 13 करोड़ रुपयों तक में बेच दी जाती थी। मौजूदा समय में नीट परीक्षा देश के हजारों शहरों में एक साथ होती है। इससे देश के गरीब और दूर दराज में रहने वाले बच्चे भी चिकित्सा शिक्षा के लिए समर्थ हुए हैं।



# एनसीईआरटी; प्रोफेसर-एसोसिएट के पदों पर 16 तक होंगे आवेदन

भास्कर संवाददाता | सीकर

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) ने प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर और सहायक प्रोफेसर के पदों पर भर्ती के लिए आवेदन मांगे हैं। उम्मीदवार इन पदों के लिए आधिकारिक वेबसाइट ncert.nic.in. पर 16 अगस्त शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। ये भर्ती 123 पदों के लिए है। एसोसिएट प्रोफेसर के पदों पर आवेदन के लिए अभ्यर्थी पीएचडी होना चाहिए।

साथ ही विश्वविद्यालय या कॉलेज स्तर पर कम से कम 8 साल का शिक्षण अनुभव या किसी मान्यता प्राप्त संस्थान में शोध का अनुभव होना चाहिए। उम्मीदवारों के पास पत्रिकाओं में प्रकाशित कार्य या शोध में महत्वपूर्ण योगदान का रिकॉर्ड भी होना चाहिए। असिस्टेंटे प्रोफेसर के पद पर आवेदन के लिए किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से 55% के साथ मास्टर डिग्री होनी चाहिए। साथ ही नेट, स्लेट या सेट उत्तीर्ण होना चाहिए। वहीं प्रोफेसर के पद के लिए उम्मीदवारों के पास पीएचडी व 10 उच्च-गुणवत्ता वाले शोध प्रकाशनों के साथ और 120 का शोध स्कोर आवश्यक है। साथ ही कम दस साल का शिक्षण या समकक्ष अनुसंधान अनुभव और डॉक्टरेट उम्मीदवारों का मार्गदर्शन करने का प्रमाण होना चाहिए। जनरल, ओबीसी व ईडब्ल्यूएस श्रेणी के आवेदकों को 1000 रु. का आवेदन शुल्क देना होगा। वहीं महिला आवेदकों और एससी-एसटी व पीडब्ल्यूडी श्रेणी के आवेदकों को शुल्क से छूट दी गई है।

# तीसरी बार बढ़ाई गई तिथि: नवीं से बारहवीं तक कक्षाओं में प्रवेश अब 15 अगस्त तक

## आठवीं कक्षा तक प्रवेश वर्ष भर होते रहेंगे

▸▸ एसबीटी न्यूज



श्रीगंगानगर। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों की 9 वीं से 12 वीं तक की कक्षाओं में शिक्षण सत्र 24-25 के लिए प्रवेश तिथि 15 अगस्त तक और बढ़ा दी है। स्कूलों में अनामांकित तथा ड्रॉप आउट बच्चों को जोड़ने के लिए तीसरी बार प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ाई गई है। पहले 15 जुलाई तक प्रवेश होने थे। फिर यह तिथि बढ़ा कर 31 जुलाई कर दी गई। तीसरी बार फिर से कक्षा नौ से बारहवीं कक्षा में प्रवेश की तिथि 15 अगस्त तक बढ़ा दी गई है, ताकि स्कूलों में नामांकन में वृद्धि हो सके। इसके अलावा आठवीं कक्षा तक पूरे साल प्रवेश हो सकेंगे।

**निजी स्कूलों में पूरे वर्ष नहीं लेते प्रवेश :** शिक्षा के अधिकार अधिनियम के तहत पहली से आठवीं तक की कक्षाओं में पूरे सत्र प्रवेश हो सकेंगे। सरकारी तथा गैर सरकारी स्कूलों में आठवीं तक वर्ष पर्यन्त आरटीई के तहत प्रवेश का प्रावधान है, लेकिन निजी स्कूल पूरे साल इन कक्षाओं में प्रवेश नहीं लेते। कुछ बड़े स्कूलों में तो प्रवेश की तिथियां अपने अनुसार निर्धारित की जाती हैं। यदि कोई अभिभावक इन स्कूलों की आठवीं तक की किसी भी कक्षा में प्रवेश के लिए जाता है, तो उन्हें सीट नहीं होने का कह कर लौटा दिया जाता है, जबकि सभी गैर सरकारी स्कूलों में प्रवेशित बच्चों की संख्या के अनुपात में आरटीई के तहत 25 फीसदी सीटों पर निशुल्क प्रवेश होते हैं, जिनकी फीस का पुनर्भरण सरकार की ओर से किया जाता है।

**भास्कर Analysis** • ओबीसी की राजनीति वाला ट्रेंड अब एससी में भी दिखेगा

# कोटे में कोटा; नए दलित नेताओं और दलों को जन्म देगा ये फैसला

मुकेश कौशिक | नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को अनुसूचित जाति (एससी) आरक्षण को छोटी-छोटी जाति समूहों में बांटने और एससी-एसटी में क्रीमीलेयर की पहचान करने का ऐतिहासिक फैसला सुनाया था। इसका सबसे बड़ा असर यह होगा कि राज्यों में अनुसूचित जातियों के उपसमूहों का वोट हासिल करने के लिए पार्टियों को उनके नेता खड़े करने होंगे। ऐसे में आने वाले समय में नए दलित नेता व उनकी पार्टियां उभरकर सामने आएंगी। ओबीसी की राजनीति शुरू होने के बाद भी ऐसा ही ट्रेंड सामने आया था। यही वजह है कि दलित राजनीति में सबसे ज्यादा सक्रिय रहने वाली पार्टियों में हलचल पैदा हो गई है।

बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा, क्या दलितों और आदिवासियों का जीवन द्वेष व भेदभाव-मुक्त हो गया है? ऐसे में आरक्षण का बंटवारा कितना उचित है? उन्होंने भाजपा-कांग्रेस को भी निशाने पर लिया। कहा कि एससी-एसटी व ओबीसी को लेकर दोनों दलों का रवैया उदारवादी रहा है, सुधारवादी नहीं। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने कहा, रिपब्लिकन पार्टी एससी-एसटी में आरक्षण के लिए क्रीमीलेयर का कड़ा विरोध करती है। इससे पहले लोजपा (रामविलास) भी कोर्ट के फैसले पर विरोध जता चुकी है। हालांकि, बड़े दल शांत हैं। केंद्र सुप्रीम कोर्ट में भले कोटे में कोटा का समर्थन कर चुका हो, पर अभी भाजपा ने आधिकारिक बयान नहीं दिया है। वहीं, कांग्रेस ने भी प्रतिक्रिया नहीं जताई। तेलंगाना के सीएम रेवंत रेड्डी ने कहा कि हम सबसे पहले कोटे में कोटा लागू करेंगे।

## बड़ा वोट बैंक... आम चुनाव में भाजपा के वोटर्स में दलितों की हिस्सेदारी सर्वाधिक, कांग्रेस में दलित वोटर 4% बढ़े

पिछले तीन लोकसभा चुनावों में दलित वोट का झुकाव देखें तो भाजपा की हिस्सेदारी कांग्रेस के मुकाबले करीब 14% ज्यादा है। मगर, 2019 के आम चुनाव के मुकाबले 2024 में कांग्रेस के वोटर्स में दलितों की हिस्सेदारी करीब 4% बढ़ गई, जबकि भाजपा के वोटर्स में यह हिस्सेदारी 1% घट गई। ऐसे में इन दलों को नए राजनीतिक समीकरण गढ़ने होंगे, ताकि दलितों के ज्यादा वोट मिलें। भाजपा और कांग्रेस को अनुसूचित वर्ग की नई लीडरशिप की तलाश करनी पड़ सकती है।

| एससी | 2024 | 2019 | 2014 |
|---|---|---|---|
| भाजपा | 34.5% | 35.5% | 27.6% |
| कांग्रेस | 20.8% | 16.7% | 17.6% |
| अन्य | 25.7% | 33.6% | 45.7% |

## 7 राज्यों में दलितों का गणित... यूपी में सबसे ज्यादा 60% जाटव

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **उत्तर प्रदेश** | | मुसहार | 5-10% | मांग्स | 10-20% | जाटव | 40-50% |
| जाटव | 50-60% | **राजस्थान** | | धोबी | 10-20% | वाल्मीकि | 20-30% |
| पासी | 10-20% | जाटव | 30-40% | चंभर | 5-10% | धानक | 10-20% |
| धोबी | 10-20% | वाल्मीकि | 20-30% | **पंजाब** | | मजहबी | 10-20% |
| वाल्मीकि | 5-10% | धानक | 10-20% | जाटव | 40-50% | ओध | 5-10% |
| **बिहार** | | खटीक | 5-10% | आदि धर्मी | 20-30% | **गुजरात** | |
| जाटव | 40-50% | गांदा | 10-20% | वाल्मीकि | 10-20% | जाटव | 30-40% |
| पासवान | 20-30% | **महाराष्ट्र** | | मजहबी | 10-20% | वांकर | 20-30% |
| धोबी | 10-20% | जाटव | 30-40% | रामदासिया | 5-10% | तुरी | 10-20% |
| दुसाध | 10-20% | महार | 20-30% | **हरियाणा** | | वाल्मीकि | 5-10% |

**भास्कर एक्सपर्ट**



संजय कुमार,
राजनीतिक विश्लेषक,
सीएसडीएस

## धर्म की जगह जाति की राजनीति पर फोकस बढ़ा सकती हैं पार्टियां

सीएसडीएस के अनुसार, इंडिया ब्लॉक ने जातीय जनगणना के नैरेटिव के बल पर दलित वोटों में हिस्सेदारी 11% बढ़ाई, जबकि भाजपा ने आदिवासी वोटों में 6% पैठ बढ़ाई। सुप्रीम कोर्ट के फैसले के बाद जातीय राजनीति की धार तेज होगी और इंडिया ब्लॉक इससे लाभ लेना चाहेगा। सामाजिक न्याय की पार्टियां नए माहौल में अपनी मांग उग्र कर सकती हैं। फैसले का एक अहम पहलू यह भी है कि अब धर्म के आधार पर वोटों के ध्रुवीकरण की धार कुंद होगी और सियासत जातीय राजनीति की धुरी पर घूमने लगेगी।